बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 4 मई 2024
वर्ष 5, अंक 167, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना 14

17 से स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड 13




SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


## प्रधानमंत्री मोदी 14 मई को दाखिल करेंगे नामांकन

वाराणसी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।

- 13 मई को रोड शो भी करेंगे

पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरु हो जाएंगे। रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज कानपुर में करेंगे रोड शो

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 4 बजे कानपुर पहुंचेंगे। छह बजे से रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से चकेरी एयरपोर्ट आएंगे। यहां से कार से सड़क मार्ग से गुमटी गुरुद्वारा जाएंगे और वहां माथा टेकने के बाद गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलेंगे। वहीं से रोड शो के लिए रथ पर सवार होंगे।

## सीपीआई नेता अतुल अंजान का निधन



**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। एक माह से निजी अस्पताल में भर्ती थे। वर्ष 1977 में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान वामपंथी राजनीति में एक चर्चित नाम थे। अतुल अंजान चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे।

### चुनाव में हमनाम उम्मीदवारों से संबंधित याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

## एक नाम होने के कारण चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

- याचिका में कहा गया था कि हमनाम उम्मीदवार मतदाताओं को करते हैं भ्रमित

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव लड़ने वाले हमनाम उम्मीदवारों के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से एक प्रभावी तंत्र के लिए तत्काल कदम उठाने के वास्ते चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा जताने के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

पीठ ने याचिकाकर्ता साबू स्टीफन की ओर से पेश अधिवक्ता वीके. बीजू से पूछा कि अगर कोई राहुल गांधी के रूप में पैदा हुआ है या कोई लालू प्रसाद यादव के रूप में, तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? इस मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए, बीजू ने चुनाव संचालन नियमावली, 1961 के नियम 22(3) का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का नाम एक ही है, तो उन्हें उनके व्यवसाय, निवास या किसी अन्य तरीके से अलग किया जाएगा। पीठ ने पूछा कि अगर किसी के माता-पिता ने एक जैसा नाम दिया है, तो क्या यह उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है? न्यायालय ने कहा कि आप जानते हैं कि इस मामले का क्या होगा। इसके बाद वकील ने पीठ से याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि 'हमनाम' उम्मीदवारों की गलत प्रथा मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की एक पुरानी चाल है।

# रायबरेली से लड़ेंगे राहुल

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया-प्रियंका की मौजूदगी में किया नामांकन

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी दाखिल किया अपना पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को नामांकन पत्र सौंपते राहुल गांधी। साथ में मौजूद मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका वाड्रा, बहनोई राबर्ट वाड्रा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रायबरेली-अमेठी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर कई दिनों से बने कौतुहल के बीच नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राहुल गांधी ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व सुशील पासी उनके प्रस्तावक बने।

### कैसरगंज से करण भूषण ने भरा पर्चा

कैसरगंज सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण शरण सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह मौजूद रहे। नामांकन के पूर्व रघुकुल विद्यापीठ परिसर में सभा के बाद करण भूषण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले सपा से भगतराम मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन

हाईप्रोफाइल अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले अमेठी पहुंचीं प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचे और चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मथुरा वृंदावन में बड़ी कार्ययोजना के साथ हमारा एजेंडा तय : योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला



जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सांसद डॉ.संघमित्रा व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा सीट के कैला देवी व बदायूं के बबराला में चुनावी सभाओं में कहा कि मथुरा, वृंदावन में कन्हैया के लिए बड़ी कार्ययोजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा एजेंडा तय है। लोग पूछें समाजवादी पार्टी से कि क्या वह इस कार्य में सहयोग करेगी।

कैला देवी धाम पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभल में श्री हरि विष्णु के अवतार महाराज कल्कि के धाम को एक नया स्वरूप देने का चुनाव है। अयोध्या के बारे में भी लोग यही कहते थे कि क्या यह हो पाएगा। भाजपा ने अयोध्या को फिर से श्रीराम के कालखंड का अयोध्या बनाकर आपकी आस्था को सम्मान दिया है। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब ये न आपको सुरक्षा दे सकते हैं, न देश को सुरक्षित रख सकते हैं, न देश को सम्मान दिला सकते हैं, न गरीब कल्याण कर सकते हैं और न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकते हैं तो फिर इनको चुन कर क्या करेंगे।

- मुख्यमंत्री बोले, सपा बताए क्या इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनेगी
- कांग्रेस-सपा सब अपने घर में समेट कर रखना चाहती हैं : मोहन

वहीं गुन्नौर में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट देना ऐसा ही है जैसे किसी अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर का स्टीयरिंग पकड़ा देना। उन्होंने कहा कि अखिलेश और राहुल लड़के हैं और लड़के ही रहेंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को मौका देती है जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सब कुछ अपने घर में समेटकर रखना चाहती हैं। चाहे पार्टी का कोई पद हो, चाहे सत्ता की व्यवस्था हो, सब कुछ उन्हें अपने परिवार के लिए चाहिए। उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया।

## एक नजर

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-अप्रैल के बीच आयोजित की गईं थीं।

### जेनेटिक्स वैज्ञानिक डा. मंजीत कंग का निधन

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पूर्व कुलपति और जाने-माने जेनेटिक्स वैज्ञानिक डॉ मंजीत सिंह कंग के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मान सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि डा. कंग बहुत ही मधुर और दूरदर्शी स्वभाव के थे। यह नुकसान अपूरणीय है। कंग का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से बीमार थे।

### ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ सोरेन की याचिका खारिज



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने जेल में बंद सोरेन को छह मई को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में पुलिस हिरासत में शामिल होने की अनुमति दे दी।

## इफ्को और कोरोमंडल की पोटेशियम सल्फेट पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के विपरीत नामों से उर्वरक बिक्री पर नोटिस जारी
- कृषि निदेशालय ने अग्रिम आदेश तक प्रदेश में लगाई रोक

**अमृत विचार :** कृषि निदेशालय ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफ्को) व कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की अलग-अलग नामों से बेची जा रही पोटेशियम सल्फेट उर्वरक प्रतिबंधित कर दी है। साथ ही लाइसेंस से विपरीत नाम देने पर दोनों कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक को नोटिस जारी किया है।

संयुक्त निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश में उर्वक की बिक्री, पैकिंग व प्रचार की जांच की। इस दौरान पाया कि इफ्को ने प्रदेश में पोटेशियम सल्फेट नाम से उर्वरक बिक्री का लाइसेंस लिया था। जबकि कंपनी द्वारा बाजार व वेबसाइट पर 0:0:50 पोटेशियम सल्फेट व पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) नाम से बिक्री की जा रही है। इसी तरह कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने पोटेशियम सल्फेट के नाम से लाइसेंस लिया था और उर्वरक की बिक्री भिन्न नाम एनपीके 0:0:50 सल्फेट ऑफ पोटाश के नाम से हो रहा था। जो लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन है।

## तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के 5 सदस्य गिरफ्तार

**शाह डीपफेक वीडियो मामला**

**हैदराबाद।** तेलंगाना की हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हैदराबाद के बाहरी इलाके सिद्दीपेट में चुनाव अभियान एवं जनसभा के दौरान दिए गए भाषण का एक विकृत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया इकाई में काम करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता शामिल हैं। हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने शुक्रवार को यहां बताया कि सभी हैदराबाद के निवासी हैं। सभी आरोपियों को अदालत से सशर्त जमानत दे दी गयी।

## पिता के सामने ट्रैक्टर से दबकर जवान बेटे की मौत

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

- चालक को झपकी आने पर खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्राली
- हरिद्वार का निवासी था युवक, पिता संग लौट रहा था घर

**अमृत विचार:** पिता के सामने ट्रैक्टर से दबकर जवान बेटे की मौत हो गई। बहराइच से काम करके घर लौटते वक्त चालक को झपकी आने से हादसा हो गया। परिजन ने किसी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया। इस पर पंचनामा भरकर शव बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

हरिद्वार (उत्तराखंड) के थाना मंगलौर क्षेत्र के ग्राम लिब्बरहेड़ी निवासी नासिर मजदूरी करते हैं। वह कई दिनों से अपने पुत्र समीर (23) के साथ बहराइच जनपद के महिपुरवा इलाके में काम कर रहे थे। गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली से घर लौट रहे थे। अन्य श्रमिक भी साथ थे। देर रात गजरौला थाना क्षेत्र के सकरिया गोमती गुरुद्वारा के पास चालक को झपकी आ गई जिसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में समीर की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। अन्य श्रमिक मामूली घायल हो गए। अपने सामने जवान बेटे की मौत देखकर नासिर बदहवास हो गए। अन्य लोगों ने उन्हें संभाला। एसओ गजरौला रूपा बिष्ट ने बताया कि परिवार वाले कार्रवाई नहीं कराना चाहते थे। इस पर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।


## ईडी ने कुर्क कीं 205 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां शामिल हैं।

ईडी के अनुसार, आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लों की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की गई है।

## आगरा में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर फेंका जूता, आरोपी गिरफ्तार

आगरा, एजेंसी



- पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे मौर्य
- हिंदू महासभा के सदस्यों ने कार पर स्याही फेंकी, काले झंडे दिखाए

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर शुक्रवार को आगरा में एक रैली के दौरान एक व्यक्ति ने जूता फेंका। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मौर्य फतेहपुर सीकरी से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने उन पर जूता फेंका, उसकी पहचान धर्मेंद्र धाकरे के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने जैसे ही घटना को अंजाम दिया, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे फौरन पकड़ लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अखिल भारत हिंदू महासभा (एबीएचएम) के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि धाकरे उनके संगठन से जुड़ा है। मौर्य ने फरवरी में समाजवादी पार्टी छोड़ दी थी और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि हमारे एक सदस्य ने मौर्य पर जूता फेंका। मौर्य ने पवित्र ग्रंथ श्रीरामचरित मानस पर प्रतिबंध लगाने की मांग करके हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। जाट ने कहा कि हमने खून से पत्र भी लिखे हैं और हिंदू संतों और रामचरितमानस का अपमान करने के लिए उन्हें पागलखाने में भर्ती कराने की अपील की है।

महासभा के सदस्यों ने मौर्य के काफिले पर स्याही भी फेंकी और फतेहाबाद से गुजरते समय काले झंडे दिखाए। सदस्यों ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए।

**मनमानी**

### 35 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा आया क्लेम

## ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- हाई इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर कंपनी ने खड़े किए हाथ

**अमृत विचार :** जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में कंपनी को पशुओं की मौत में ज्यादा 'जोखिम' दिखा तो उप्र पशुधन विकास परिषद ने 35 जिलों के 62 पशु चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगा दी है।

यह कार्रवाई इसलिए कि गई कि वर्ष 2023-24 में जिन पशुओं का चिकित्सकों द्वारा बीमा किया गया, उनके मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसे हाई आईसीआर यानी अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर चिकित्सकों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जांच कर प्रगति सुधार के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। दरअसल, जिन पशुओं ने दम तोड़ा उनकी क्लेम राशि ज्यादा है, जिसे देने में कंपनी को घाटा है। आगे ऐसी स्थिति से बचने के लिए ज्यादा क्लेम कराने वाले चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगाई है। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक पशु चिकित्सक ने 26 पशुओं का बीमा किया, जबकि एक पशु की मौत हुई। इसी तरह दूसरे ने 46 पशुओं का बीमा किया, मौत चार पशुओं की हुई।

### इन जिलों के 66 चिकित्सकों पर रोक

शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, जालौन, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, संभल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मुज्जफनगर, वाराणसी, गाजीपुर व चौंदौली।

### घाटा होने पर सात माह प्रभावित रही थी प्रक्रिया

प्रदेश में पशुधन बीमा योजना का काम एक कंपनी अनुबंध के तहत देख रही है। जिसने वर्ष 2022-23 में प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने पर वर्ष 2023-24 में अनुबंध के लिए मना कर दिया था। इस वजह से सात माह तक बीमा की प्रक्रिया नहीं हुई थी। मनमाने नियम बनाकर कंपनी ने टेंडर लिया। सितंबर से अप्रैल तक पशुओं का बीमा किया गया, अब पशुओं की मौत पर क्लेम देने से बचने में लगी है।

> बीमा और क्लेम नहीं रोका गया है। कुछ जगह प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसके चेक प्वाइंट के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। इस वर्ष 41 प्रतिशत क्लेम दिया है।
> **- डॉ. मंजीत राठौर**, पशु चिकित्साधिकारी, उप्र पशुधन विकास परिषद

### अधिक पोस्टमार्टम पर भी उठे सवाल

पशुओं का बीमा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर होता है। बीमा कंपनी प्रतिनिधि पूरी पड़ताल कर फोटो समेत पॉलिसी करते हैं। मौत होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालक क्लेम करते हैं। वर्ष 2022-23 में जिन-जिन पशुओं की मौत हुई उनका चिकित्सकों ने नियमानुसार पोस्टमार्टम किया। लेकिन, इसे भी अधिक पोस्टमार्टम करना बता दिया गया।

# नोट गिनते वीडियो वायरल होने पर फंसे डिप्टी रेंजर, मुख्यालय अटैच

- बीसलपुर के डिप्टी रेंजर अवनीश कुमार का बताया जा रहा वीडियो
- प्रभारी डीएफओ ने मामले की जांच को दो सदस्यीय टीम गठित की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर डिप्टी रेंजर का नोट गिनते वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए प्रभारी डीएफओ ने जांच के लिए दो सदस्यीय गठित कर डिप्टी रेंजर को मुख्यालय से अटैच कर दिया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सामाजिक वानिकी प्रभाग बीसलपुर के डिप्टी रेंजर अवनीश कुमार का बताया जा रहा है। वीडियो में डिप्टी रेंजर फुर्ती के साथ नोटों की गड्डियों को गिनते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वह किस स्थान पर बैठकर नोटों की गड्डियों को गिन रहे हैं। इस संबंध में जब रेंजर रोहित जोशी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो वायरल की जानकारी लगने के बाद डिप्टी रेंजर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इधर मामला पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर/प्रभारी डीएफओ सामाजिक वानिकी मनीष सिंह के संज्ञान में आया। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो सदस्यीय टीम को गठित करते हुए जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। बताते हैं कि टीम में शामिल सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव एवं दीपक कुमार ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। इधर प्रभारी डीएफओ के निर्देश पर डिप्टी रेंजर अवनीश कुमार को सामाजिक वानिकी मुख्यालय से अटैच किया गया है। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

## मोहल्ला देशनगर के एक परिवार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल, पालिका का तर्क- लाइन लीकेज की वजह से हुई समस्या

# टंकी में काई, पानी में कीड़े देख हैरत में पड़ गए शहरवासी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मोहल्ला देशनगर में टंकी से निकले पानी में गंदगी और कीड़े।



मोहल्ला देशनगर में जांच करने पहुंची नगरपालिका की टीम। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का नगर पालिका का दावा पानी की टंकी में कीड़े और गंदगी निकलने के बाद दावा धरा रह गया है। शुक्रवार को वार्ड नंबर चार से एक ऐसा ही मामला सामने आया। घर में लगी नगरपालिका की पानी की टंकी से गंदगी के साथ कीड़े निकले। जिस पर मकान स्वामी ने पानी बोतल में भरने के बाद विरोध किया। पीने के पानी में कीड़े देखकर लोग हैरत में पड़ गए। परिवार ने इस मामले में नगरपालिका के अधिकारियों से शिकायत की। जिसके बाद मौके पर पहुंची नगर पालिका टीम ने जानकारी करने के बाद ये कहकर लाइन लीकेज होने की बात कहकर साख बचाई। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कहीं पर भी लाइन लीकेज नहीं है। पानी में कीड़े आने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। शहर के वार्ड नंबर चार के मोहल्ला देशनगर निवासी नरेश बाजार में फल का ठेला लगाते हैं। उन्होंने नगरपालिका से पानी का कनेक्शन ले रखा है। शुक्रवार को परिवार वाले टंकी से पीने के लिए पानी भर रहे थे। तभी अचानक टंकी के पानी में कीड़े और कीचड़ निकलना शुरू हो गई। बाल्टी के पानी में कीचड़ और कीड़े दिखाई देने लगे। परिवार के लोगों ने पानी को सैंपल के तौर पर एक बोतल में भरकर रख लिया और मामले की शिकायत नगर पालिका के अधिकारियों से की। नगर पालिका की टंकी से गंदा पानी आने से लोगों में दहशत फैल गई। बोतल में कीड़े देखकर लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोगों और सभासद राजेंद्र भारती की मानें तो गंदे पानी की समस्या करीब एक माह से बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे पहले भी कीड़े और गंदगी निकल चुकी है। मगर कोई देखने के लिए नहीं आया। शुक्रवार को दोबारा से पानी में गंदगी और कीड़े आने पर मोहल्लेवासियों ने इस पर हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंचे जल कल प्रभारी तारिक हसन खां टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्हें गुस्साए लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। उन्होंने वहां पर लाइन का कुछ हिस्सा चेंज कराया।

### जलकर प्रभारी के दावों को लोगों ने नकारा

जलकल प्रभारी के अनुसार मोहल्ले में कुछ जगह पर लाइन लीकेज हो गई है। जिस वजह से पानी के साथ गदंगी पहुंच रही है। लाइन बदलवा दी गई है। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में कोई भी लाइन लीकेज नहीं है। अगर लाइन लीकेज होती तो पानी निकलता हुआ दिखाई देता। सभासद राजेंद्र भारती का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी अवगत कराया जा चुका है। मगर सुनवाई नहीं हो रही थी। तमाम परिवार पीने के लिए दूसरे स्थानों से पानी की व्यवस्था करने लगे। शहर में कई स्थानों पर पाइप लाइन लीक होने की वजह से शहरवासियों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

> मोहल्ला देशनगर में मीना बाजार में बनी टंकी से पानी की सप्लाई होती है। यहां से ही 20 अन्य मोहल्लों को भी पानी जाता है। अन्य जगह चेक कराया गया था। वहां कोई शिकायत नहीं मिली। देशनगर मोहल्ले में लाइन लीकेज होने की वजह से गंदगी और कीड़े निकले हैं। लाइन को बदलवा दिया गया है। अब किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। – **तारिक हसन खां**, जलकल प्रभारी, नगरपालिका पीलीभीत

# जहरीली हो रही शहर की आबोहवा, बढ़ रहा प्रदूषण का ग्राफ

## सरकारी संस्थाओं की ओर से कराए जा रहे बेतरतीब निर्माण कार्य और सड़कों पर उड़ती धूल दे रही बीमारियों की सौगात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



यशवंतरी देवी मार्ग पर नाला खुदाई कर छोड़ी मिट्टी से उड़ती धूल के बीच गुजरते लोग।



शहर में डिग्री कॉलेज चौराहे के पास नाले की खुदाई कर हाईवे किनारे डाली गई मिट्टी।

- विशेषज्ञ बोले- शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 95 पर पहुंचा
- स्थिति नहीं सुधरी तो इस तरह और बढ़ेगा प्रदूषण का स्तर

**अमृत विचार:** शहर में सरकारी संस्थाओं की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य और सड़कों पर दौड़ लगाते वाहन हर दम धुआं छोड़ रहे हैं। इस कारण हवा में प्रदूषण का जहर फैल रहा है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 95 माइक्रो घनमीटर रहा।

विशेषज्ञों की मानें तो यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। पर्यावरण के लिहाज से तराई का यह जिला बेहतर माना जाता था, मगर पिछले कुछ सालों से यह जिला भी प्रदूषण की समस्या से जूझने लगा है। जानकार इसके पीछे शहर में बेतरतीब ढंग से कराए जा रहे निर्माण कार्य, सड़कों पर उड़ती धूल एवं वाहनों से निकलते धुएं को वजह मान रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी में प्रदूषण बढ़ जाता है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है। पिछले माह की शुरुआत में जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 55 माइक्रो प्रति घनमीटर से भी कम रहा था, मगर अब यह तेजी से बढ़ने लगा है। ढाई लाख की आबादी वाला यह शहर इन दिनों प्रदूषण का चैंबर बनता जा रहा है। शहर में किसी भी दिशा से प्रवेश करने के बाद सड़कों और कच्चे फुटपाथों पर उड़ती धूल शहरवासियों का जीना दुश्वार किए हुए हैं। शहर के बीच से गुजर रहे टनकपुर हाईवे, गौहनिया चौराहे से माधोटांडा रोड, डिग्री कॉलेज चौराहे से रामलीला रोड, नौगवां चौराहे से असम चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर धूल ही धूल देखी जा सकती है।

### एयर क्वालिटी इंडेक्स और उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव

| | | |
|---|---|---|
| 0-50 | (अच्छा) | कुछ नहीं |
| 51-100 | (संतोषजनक) | संवेदनशील लोगों को दिक्कत |
| 101-200 | (थोड़ा प्रदूषित) | बच्चों और वयस्कों के लिए खतरा |
| 201-300 | (खराब) | फेफड़े संबंधी बीमारियां |
| 301-400 | (बहुत खराब) | लंबे समय तक ऐसा रहने से फेफड़े और दिल की बीमारियां |
| 401-500 | (गंभीर) | हृदय रोगियों के लिए प्राणघातक |

### नगर पालिका प्रशासन भी कर रहा अनदेखी

शहर की अनेखी करने में पालिका प्रशासन का भी अहम योगदान है। शहर में कई स्थानों पर नाला निर्माण को लेकर खुदाई कराई गई है। खोदी गई मिट्टी सड़क किनारे डाल दी है। चिलचिलाती धूप में गर्म हवाओं के साथ यही मिट्टी उड़कर धूल का गुबार बन रही है। आलम यह है कि जब कोई वाहन इन मार्गों पर गुजरता है तो स्थिति और भी खराब हो रही है। सड़क पर चलने वाले लोगों से लेकर आसपास की दुकानों में धूल ही धूल देखी जा रही है।

### कम ऊंचाई पर जमा हो जाते धूल के कण

समाधान विकास समिति विपनेट क्लब के जिला समन्वयक एवं पर्यावरणविद् लक्ष्मीकांत शर्मा के मुताबिक गर्मी के मौसम में धूल के कण पूरे वायुमंडल में फैल जाते हैं। जबकि ठंड में यह कम ऊंचाई पर ही रहते हैं। ऐसे में जब सड़कों पर वाहन दौड़ते हैं, धूल और धुआं उड़ता है तो धूल के कण आसपास के वायुमंडल में जमा हो जाते हैं। बेतरतीब निर्माण कार्य भी प्रदूषण में इजाफा करते हैं। इन सब वजहों से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 95 के आसपास पार रहा। यह स्तर संवेदनशील लोगों के लिए खतरे का सूचक है।

### असम चौराहा व टनकपुर हाईवे भी अछूता नहीं

पिछले दिनों गांधी सभागार में सड़क हादसों को लेकर हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को टनकपुर हाईवे का फुटपाथ दुरुस्त कराने को कहा था। इसके बाद एनएच ने हाईवे के किनारे ही मिट्टी खुदवाकर फुटपाथ पर डाल दी गई। ऐसे में हाईवे के किनारे मिट्टी के ढेरों से उड़ती धूल हर किसी को परेशान किए हैं। असम चौराहे का हाल भी बेहाल है। यहां फ्लाईओवर का काम चल रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से पानी का छिड़काव करने के बावजूद यहां अधिकांश समय धूल उड़ती रहती है। चौराहे पर बसों का इंतजार करने वालों के लिए उड़ती धूल मुसीबत बनी है। आसपास की दुकानें धूल से पट चुकी है। दुकानदारों का कहना है धूल से कारोबार तो ठप हो ही रहा है, जान को खतरा भी बना है। वहीं शहर की सड़कों पर जाम में फंसने के दौरान वाहनों से निकलता जहरीला धुंआ भी शहरवासियों की सेहत से खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह सभी कारक प्रदूषण को खासा बढ़ावा दे रहे हैं।

# मां पूर्णागिरि दर्शन यात्रा का किया जाएगा स्वागत



स्वागत की तैयारियों के लिए बैठक करते आयोजक। • अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

- विश्व हिंदू और बजरंग दल की ओर से निकाली जाएगी यात्रा
- आयोजकों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**अमृत विचार:** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की ओर से निकाली जाने वाली मां पूर्णागिरी दर्शन यात्रा शनिवार दोपहर 12.30 बजे मझोला पहुंचेगी। यात्रा के भव्य स्वागत और भोजन व्यवस्था की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक शुक्रवार को व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई।

नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में हुई बैठक में तय किया गया यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से होगा। मझोला के प्रधान महेंद्र सिंह पटेल के आवास के बाहर एकत्र होने की अपील की गई। पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल के कैंप कार्यालय पर विद्या मंदिर के घोष और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत होना और फिर सितारगंज -मझोला मार्ग पर अल्फ़ा चौराहे पर गुलशन स्वर्णकार के प्रतिष्ठान पर फूलों की बारिश के साथ स्वागत होना तय किया। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने बतायायात्रा स्वागत के उपरांत मझोला गन्ना समिति प्रांगण में श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। वहां पर विश्राम और भोजन होगा। फिर यात्रा खटीमा की ओर प्रस्थान करेगी। प्रेम गोयल, अंकित सिंह, देवेन्द्र वर्मा, उत्तम गोलदार, सोनपाल सिंह, चन्द्र प्रकाश राठौर, अरविन्द तिवारी, दिनेश अग्रवाल, मनीष पटेल, परमेश्वरी लाल पटेल, सार्थक पटेल, सुनील तिवारी, भानु प्रताप आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से तिलमिलाए बाशिंदे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



रामलीला बिजली घर पर चल रहा कार्य।

- रामलीला सब स्टेशन पर चल रहे कार्य के चलते हुई परेशानी

**अमृत विचार:** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती की मार उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन चुकी है। कभी फाल्ट तो कभी सुधार कार्य के नाम पर बिजली घंटों गुल रहती है। शुक्रवार को भी करीब पांच घंटे तक कई इलाकों की बिजली गुल रही। ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या भी बनी रही।

हर साल गर्मी के दिनों में बिजली संकट से शहरवासियों को जूझना पड़ रहा है। दावे तो कई किए जाते हैं लेकिन सुधार पर किसी का ध्यान नहीं है। शुक्रवार को भी सुबह से ही बिजली संकट के हालता बने रहे। पहले फाल्ट के नाम पर मोहल्ला आसफजान, साहूकारा, लाल रोड, डोरीलाल, मोहतसिम खां समेत कई इलाकों में बिजली गुल रही। इसका जैसे तैसे सुधार कराया जा सका। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे दोबारा बिजली गुल हो गई। जिसके बाद गैस चौराहा, मुख्य बाजार, खुशीमल, गोपाल सिंह समेत कई मोहल्लों के उपभौकता गर्मी में परेशान हो गए। एक तरफ पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका था। वहीं, बिजली कटौती ने और बेहाल कर दिया। शाम करीब छह बजे के बाद सप्लाई चालू हो सकी। मगर इसके बाद भी लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की दिक्कत बनी रही। शहर से सटे चंदोई गांव में भी बिजली कई बार गुल हुई। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि रामलीला बिजली घर पर 33 केवी सीटी पीटी और आइसोलेटर को बदलने का कार्य किया जा रहा था। जिसके चलते कुछ देर सप्लाई बाधित रही थी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला रजागंज देहात के निजामुद्दीन और साकिर गुरुवार को शादी समारोह में शाहजहांपुर गए थे। देर शाम खुटार होते हुए बाइक से घर वापस लौट रहे थे। खुटार मार्ग पर सेहरामऊ थाना क्षेत्र के कजरी निरंजनपुर के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शाकिर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसे में घायल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आमडंडा निवासी कृष्णपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया तीन अप्रैल को वह अपने बेटे पवन कुमार के साथ बाइक से आ रहे थे। देव मैरिज लॉन के सामने पहुंचते ही मोहल्ला दुर्गाप्रसाद का बाइक चालक अजीत कुमार लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और टक्कर मार दी। जिसमें पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी अजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बिलसंडा में मलेरिया का प्रकोप, 14 नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पिछले साल भी संवेदनशील इलाकों में शामिल रहा था बिलसंडा ब्लॉक फिर भी नहीं चेते जिम्मेदार
- कैंप लगाकर हो रही मरीजों की चेकिंग, गांवों में गंदगी की भरमार के बीच लोग हो रहे बीमार

**अमृत विचार :** संक्रामक बीमारियों के फैलने का सिलसिला शुरु हो चुका है। इस बार भी जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण बिलसंडा मलेरिया के मामले में संवेदनशील बना हुआ है। जहां मलेरिया के केसों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रतिदिन बिलसंडा क्षेत्र में मलेरिया रोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोजाना नए मरीज सामने आ रहे हैं। गुरुवार को बिलसंडा में 13 मलेरिया मरीज मिले थे दूसरे ही दिन शुक्रवार को भी 14 मरीज और सामने आए हैं। जिनका उपचार किया जा रहा है।

अब तक बिलसंडा क्षेत्र में अब तक 36 केस सामने आ चुके हैं। गुरुवार देर शाम और शुक्रवार को मलेरिया विभाग की ओर से चार गांवों में कैंप लगाकर मरीजों की जांच की गई। जिसमें फिर 14 नए मलेरिया के मरीज सामने आए हैं। जिनमें नौ मरीज मुड़िया बिलहरा गांव के हैं।

जबकि जयपालपुर गांव में 115 लोगों की जांच के दौरान तीन मलेरिया मरीज मिले। वहीं बंदामानपुर गांव में 80 लोगों की जांच हुई। जिसमें एक मरीज में मलेरिया की पुष्टि हुई, जबकि दियूरिया खुर्द में 21 लोगों की जांच कराई गई। जिसमें एक मरीज मलेरिया से ग्रसित मिला। मलेरिया विभाग की ओर से निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग आदि कार्य कराया गया। साथ ही मरीजों को दवा मुहैया कराई गई। गांव के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। जबकि एक दिन पूर्व रामपुर बसंत, रांठ, भदेंनकंजा, मरेना, ओड़ाझार, टेड़ा श्रीराम में मिले थे। जिनका उपचार चल रहा है। मलेरिया विभाग के अनुसार गांवों में गंदगी की वजह से पांव पसार रहे हैं। मगर गांवों में सफाई नहीं कराई जा रही है।

### गंदगी के कारण लुढ़की रैंक, 64वें स्थान पर जिला

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कई विभागों के समन्वय से टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा की जाती है। संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में जारी रैंकिंग में जिले को 64 वां स्थान मिला है। इसकी अहम वजह पंचायतों व नगर निकायों द्वारा साफ-सफाई से संबंधित कार्य न कराया जाना है। पूरे जिले में साफ-सफाई की स्थिति दयनीय है जिस कारण बुखार, मलेरिया जैसे संचारी रोग अपना पांव पसार रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मरीजों के आंकड़ों से साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे दावों की कलई खुल रही है। अब शासन स्तर से जारी रैंकिंग में भी जिला निचले पायदान पर पहुंच गया है।

> गर्मी बढ़ने के साथ ही मलेरिया केसों में इजाफा होता है। मलेरिया का मच्छर गंदगी में पनपता है। ऐसे में साफ-सफाई बहुत जरूरी है। बीते वर्ष बिलसंडा में बड़ी संख्या में मलेरिया के मामले सामने आए थे, इसलिए इस बार हमारी टीमें पहले से सक्रिय होकर मलेरिया के मरीज खोज रही हैं। टीमों को जिन क्षेत्रों में मरीज मिल रहे हैं, वहां निरोधात्मक कार्रवाई कराई जा रही है। गंदगी वाले स्थानों को चिन्हित कर उनके फोटो सहित पूरी रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर निकायों को भेजी जा रही है जिससे वहां साफ-सफाई हो सके। – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

**अलर्ट** फील्ड डायरेक्टर ने पीटीआर व सामाजिक वानिकी प्रभाग के अफसरों संग आगजनी की घटनाओं को लेकर की बैठक

# ...ताकि न लग जाए आग, जंगल से सटे ग्रामीणों को करें जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में मौजूद फील्ड डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर।

- जंगलों में संभावित आग से निपटने को सजग रहने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** फायर सीजन के दौरान जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए वन महकमा अलर्ट है। पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर ने अपने कार्यालय में दोनों प्रभागों के वन अधिकारियों की बैठक कर संभावित आग से निपटने के लिए सजग रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वनाधिकारियों को जंगल के किनारे रहने वाले ग्रामीणों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

जंगलों में 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन रहता है। इस दौरान जंगलों में आग की घटनाएं अकसर प्रकाश में आती रहती है। जंगलों में लगने वाली से केवल वन संपदा ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों की भी मौतें हो जाती है।

इधर जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए शासन के निर्देशानुसार पीटीआर प्रशासन ने पहले से ही सभी तैयारियां मुक्कमल कर ली हैं। शासन से मिले निर्देशों के क्रम में फील्ड डायरेक्टर कार्यालय में वृत्त स्तरीय फायर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसके अलावा डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में भी विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाएं एकत्र करने एवं सूचनाओं को संबंधित अधिकारियों को भेजने के लिए फायर कंट्रोल रूम पूर्व में ही स्थापित किया जा चुका है। जिसका दूरभाष नंबर 05882-253092 है। दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील है। वहीं जंगलों में फायर लाइन बनाकर बर्निंग कंट्रोल की कार्रवाई भी की जा चुकी है। इधर शुक्रवार को पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने एफडी कार्यालय में पीटीआर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग के वनाधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें दिए गए दायित्वों की याद दिलाते हुए सजग रहने के निर्देश दिए।

कहा कि जंगलों में लगने वाली आग के पीछे काफी हद तक जंगलों के किनारे के खेतों में लगने वाली आग है। जो धीरे-धीरे जंगल को भी अपनी चपेट में ले लेती है। ऐसे में जंगल के किनारे रहने वाले ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी रेंजरों को जंगलों के किनारे रहने वाले ग्रामीणों को खेतों में आग न लगाने, जंगल के आसपास क्षेत्र में धूमपान आदि न करने आदि के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी वनाधिकारियों को सजग रहकर आग की घटनाओं पर निगाह रखने के निदेश दिए। बैठक में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह समेत पीटीआर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग के रेंजर, डिप्टी रेंजर आदि मौजूद रहे।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**बीसलपुर, अमृत विचार:** दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने मामले में ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम मीरपुर ग्रंथ के निवासी नेत्रपाल सिंह ने बताया कि उनकी बेटी नीरज की शादी चार साल पहले बदायूं जनपद के बिल्सी कस्बे के मोहल्ला खेड़ा निवासी प्रेमपाल के पुत्र रूपेंद्र से हुई थी। पति रूपेंद्र सिंह, जेठ शिव कुमार ,सास सरला देवी, ननद रेखा देवी, अंजलि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये, बाइक की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर मार्च माह में ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।


# युवक ने दिखाई दबंगई, मेड़ तोड़कर फिर कर लिया कब्जा

संवाददाता, घुंघचिहाई

- घुंघचिहाई क्षेत्र का मामला, लेखपाल ने एसडीएम से की शिकायत

**अमृत विचार:** अवैध कब्जा हटवाने से गुस्साए युवक ने लेखपाल की छवि धूमिल करने के लिए शिकायतें शुरू कर दीं। लेखपाल ने एसडीएम से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

लेखपाल सत्येंद्र ने बताया कि एक जनवरी 2023 को घुंघचिहाई की महेश्वरी देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि मदारपुर नाले के पास उनकी आठ बीघा भूमि है। जिसका पुश्तैनी निकास गोमती नदी की खाली पड़ी भूमि से है। पड़ोस में ही मुरादीन का 22 डिसिमल पट्टा एक साल पूर्व हुआ है, लेकिन मौके पर मुरादीन के बेटे जीशान की ओर से पीड़ित के रास्ते व गोमती की कुल 50 डिसमिल भूमि पर जबरन काबिज है। जिससे महेश्वरी देवी, उनके साझेदार मंगल सिंह को खेत तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। मामले की जांच करने के लिए वह मौके पर गए थे। अवैध कब्जे को भी हटवा दिया गया था। मेड़ भी डलवा दी गई थी। इसके बाद आरोपी ने दोबारा मेड़ तोड़कर कब्जा कर लिया है। इसी की रंजिश में अब झूठी शिकायत कर छवि खराब कर रहा है। उधर, पीड़ित पक्षों की ओर से भी एसडीएम को जमीन कब्जामुक्त कराने की शिकायत की गई है।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# हद हो गई! कोई और नहीं...सिपाही ही निकला लुटेरा

## पूरनपुर कोतवाली में तैनात सिपाही रामू सिंह ने तीन साथियों संग मिलकर सड़क पर खड़े ग्रामीण से की थी लूट

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सड़क पर खड़े ग्रामीण से लूटपाट करने वाला मुख्य आरोपी पूरनपुर कोतवाली का सिपाही निकला। दो दिन पहले उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर ट्रायल के लिए लाई गई कार से ही वारदात को अंजाम दे दिया था। सिपाही समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि फरार चल रहे अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नगर के मोहल्ला ढका जमीमा निवासी कमर पुत्र मुन्ने मियां गुरुवार को ब्लॉक रोड पर एक मजार के पास खड़े थे। कार सवार चार लोगों ने कमर से साढ़े बारह हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया था। विरोध करने पर एक लुटेरे ने खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताते हुए पिटाई कर दी थी। इसके अलावा थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कलां निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र बलकार सिंह को भी डराया धमकाया था। उनके सामने खुद को सीबीआई टीम से होना बताकर जितेंद्र सिंह से जबरदस्ती


क्राइम इंस्पेक्टर बताकर ग्रामीण को लूटा सिपाही की संलिप्तता मिलने पर जांच शुरू

तीन मई के अंक में प्रकाशित खबर।

- **सिपाही समेत दो आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को भेजा जेल, अन्य दो की तलाश में जुटी**
- **क्राइम इंस्पेक्टर और सीबीआई टीम बताकर आरोपी लूट की वारदात को देते थे अंजाम**

सरफराज नाम के व्यक्ति के खाते में 14 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे। दिनदहाड़े हुई घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जिसके बाद घटना का मुख्य आरोपी कोई और नहीं, बल्कि कोतवाली में तैनात सिपाही रामू सिंह पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह निकला, जोकि हरदोई जनपद के थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम खद्दीपुर चैन सिंह का रहने वाला है। पुलिस ने देर शाम कार भी बरामद कर ली थी।

सिपाही और उसके साथी मोहल्ला रजागंज निवासी सरफराज पुत्र निसार अहमद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो घटना का खुलासा हो गया। आरोपी रामू से पांच हजार रुपये, लूटा गया मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने शुक्रवार को रामू सिंह, सरफराज, कल्लू उर्फ ताज मोहम्मद और एक अज्ञात के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी सिपाही रामू सिंह और सरफराज को जेल भेज दिया। जिस ब्रेजा कार से लूट की घटना को अंजाम दिया गया वह टैक्सी पर चलती है। सरफराज और रामू ने ट्रायल लेने के लिए गाड़ी मांगी थी।

### विभागीय शिकंजा भी कसा, सिपाही निलंबित


पकड़ा गया सिपाही रामू सिंह।

लूट करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजे गए कोतवाली पूरनपुर में तैनात सिपाही रामू सिंह पर विभागीय शिकंजा भी कसा गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अविनाश पांडेय ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। उसकी विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

### पत्नी के सामने किया पछतावा और फफक कर रोया

सिपाही रामू सिंह अपने परिवार के साथ कस्बे में किराए के मकान में रहता था। उसके शराब पीने की आदत से हर कोई वाकिफ है। लूट की घटना में उसका नाम सामने आने पर उसे गुरुवार रात को ही हिरासत में ले लिया गया था। नशा उतरने के बाद उसे अपने द्वारा की गई अपराधिक घटना पर पछतावा होता दिखा। बताते हैं कि वह रातभर में रोता रहा। शुक्रवार को जब उसकी पत्नी कोतवाली में मिलने पहुंची तो वह उसका हाथ पकड़ कर फफक कर रोया। पत्नी के सामने खुद के द्वारा अंजाम दी गई घटना का पछतावा भी किया।

> कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने तीन साथियों के साथ मिलकर दो लोगों से लूटपाट की थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। सिपाही समेत दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> – आलोक सिंह, सीओ पूरनपुर

### पहले भी दागदार रहा है आरोपी पुलिसकर्मी

पूरनपुर कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी रामू सिंह पहले थाना हजारा, माधोटांडा में भी तैनात रह चुका है। थाना हजार क्षेत्र में एक मामले के आरोपी की बाइक गिरवी रखवाकर तीस हजार की रिश्वत लेने का उस पर आरोप लगा था। माधोटांडा क्षेत्र में भी उसकी छवि आरोपों में घिरी रही थी। अब लूट की वारदात को अंजाम दे डाला।

### लूट से पहले दोस्तों के साथ पी थी शराब

लूट की घटना में पकड़े गए आरोपी सिपाही रामू ने गुरुवार को लूटपाट करने से पहले दोस्तों के साथ शराब पी थी। अन्य आरोपियों के साथ खूब जाम छलकाए थे। फिर क्राइम इंस्पेक्टर और सीबीआई की टीम बनकर दो लोगों से लूटपाट कर डाली। बताते हैं कि आरोपी सिपाही रामू अक्सर ड्यूटी के दौरान भी नशे में रहता था।

# घटतौली पर अफसर गंभीर, पूर्ति निरीक्षक ने गांव जाकर की जांच

संवाददाता, बिलसंडा


गांव पसगवां में ग्रामीणों के बयान दर्ज करते पूर्ति निरीक्षक रजनीश शुक्ला।

- **डीएम से शिकायत के बाद हरकत में आया पूर्ति विभाग**
- **गांव पसगवां का मामला, ठेकेदार पर राशन घटतौली का है आरोप**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत पसगवां के ठाकुर कल्याण सिंह समेत कई ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को डीएम के समक्ष पेश होकर शपथ पत्र के साथ शिकायत की थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि उनके गांव का राशन कोटेदार मशीन के कांटे से अटैच होने के बावजूद घटतौली कर रहा है। बांट एवं ईंट का वजन रखकर पर्ची निकालता है।

उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर जिस दिन पर्ची निकालता है, उस दिन खाद्यान्न का वितरण ही नहीं करता, बल्कि अगले दिन आधा किलो प्रति यूनिट के हिसाब से कम करके खाद्यान्न वितरण करता है। जबकि पर्ची निकालने के दौरान ही अटैच कांटे से खाद्यान्न तौल कर दिए जाने की व्यवस्था है। घटतौली के वीडियो भी वायरल हुए थे। डीएम से हुई शिकायत के बाद शुक्रवार को बीसलपुर के पूर्ति निरीक्षक रजनीश शुक्ला गांव पहुंच गए और कोटेदार पर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए घटतौली के आरोपों की जांच की। पूर्ति निरीक्षक ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करने के साथ ही अन्य ग्रामीणों से भी मामले की जानकारी की। बताते हैं कि जांच के दौरान ही तमाम लोगों ने कोटेदार पर घटतौली किए जाने की बात कही। ग्रामीण ने कहा कि जब सरकार प्रति यूनिट पांच किलो निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है, तो कोटेदार आधा किलो प्रति यूनिट खाद्यान्न कम क्यों दे रहा? उधर पूर्ति निरीक्षक रजनीश शुक्ला ने बताया कि कार्ड धारकों ने राशन कोटेदार पर खाद्यान्न वितरण में घटतौली किए जाने का आरोप लगाया है। जिसकी गांव पहुंचकर जांच की गई है। जांच रिपोर्ट जल्द एसडीएम को दी जाएगी।

## किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को 30 अप्रैल की रात 11 बजे ग्राम सायर का रहने वाला रवि सिंह अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया था। आरोपी के कहने पर किशोरी घर पर रखे दो लाख रुपये और जेवरात भी ले गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी किशोरी का पता नहीं लग सका। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की छानबीन शुरू कर दी है।

# फंदे से लटका मिला ग्रामीण का शव, आत्महत्या की आशंका

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरखेड़ा के गांव पतरसिया में शुक्रवार शाम की घटना**
- **पुलिस ने किया मौका मुआयना, परिजनों ने नहीं दी तहरीर**

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक ग्रामीण की मौत हो गई। उसका शव अपने ही मकान में बरामदे में पड़े टिनशेड में रस्सी के फंदे से लटका मिला। पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में परिवार क तरफ से अभी तक घटनाक्रम को लेकर कोई तहरीर नहीं दी गई है।

बरखेड़ा के ग्राम पतरसिया के 38 वर्षीय अवधेश खेती करते थे।। पत्नी राम बेटी दोनों बच्चों को लेकर करीब बीस दिन से मायके बरेली जनपद के थाना नवाबगंज के ग्राम मुड़िया धरौरा में रह रही है। मां शिवदेई गांव में ही बड़े भाई ऋषिपाल उर्फ हरीश कुमार के साथ रहती है। चूंकि इन दिनों अवधेश घर पर अकेला था, तो मां अक्सर दिन में खाना देने या फिर अन्य काम से पहुंच जाया करती थी। शुक्रवार शाम को शिवदेई बेटे अवधेश को देखने के लिए उसके घर पहुंची। मकान के भीतर घुसी ही थी कि बरामदे में पड़े टिनशेड में अवधेश का शव फंदे पर लटका मिला। ये देख मां के होश उड़ गए। सूचना पुलिस को दी गई। दरोगा लखपत सिहं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। प्रथम दृष्टया खुदकुशी करने की आशंका जताई गई लेकिन इसके पीछे की वजह को लेकर कोई कुछ नहीं बता सका। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से भी संपर्क कर जानकारी की। हादसे के चलते गांव में हड़कंप मचा रहा।


मृतक अवधेश।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग का शव ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। उकसी ट्रेन की चपेट में आकर मरने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी पुत्तूलाल (52) पुत्र गिरधारी लाल का शव शुक्रवार सुबह दुधिया खुर्द रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। शव देख मौके पर ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। आशंका जताई गई कि बुजुर्ग की मौत गुरुवार रात को मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई है। शव का एक पैर भी कटा हुआ था। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक अविवाहित थे। वह घुमंतू मजदूर की तरह जीवन यापन कर रहे थे। मौत के बाद उनके परिवार का अन्य कोई सदस्य भी नहीं पहुंचा।

# डीएम ने पकड़ीं खामियां, हाईवे ही बने हादसे का सबब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में सड़क हादसों में मौतों के बढ़ रहे ग्राफ को कम करने को चल रही सड़क सुरक्षा मुहिम लगातार जारी है। डीएम ने शुक्रवार को जिले के ब्लैक स्पॉटों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

पिछले दिनों डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। बैठक में जिले में हो रहे सड़क हादसों की वजह तलाशने के साथ ब्लैक स्पाटों पर सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए थे। संबंधित अधिकारियों को प्लान के मुताबिक कार्य करने को कहा गया था। ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक के बाद से मुहिम लगातार जारी है। जिले के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के आसपास का अतिक्रमण हटवाने के साथ तकनीकी और संरचनात्मक खामियों को दूर कराया जा रहा है। इधर शुक्रवार को डीएम संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों के अधिकारियों की टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थलीय निरीक्षण किया।


असम चौराहे की स्थिति का जायजा लेते डीएम। ● अमृत विचार

- **जहानाबाद बाईपास में डिवाइडर की लंबाई कम करने के दिए निर्देश**
- **सड़क सुरक्षा मुहिम को लेकर ब्लैक स्पॉट्स का लिया जायजा**

टीम सबसे पहले ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित असम चौराहे से देवहा पुल तक पहुंची। यहां डीएम ने चौराहे के चारों तरफ का अतिक्रमण हटाने एवं ट्रैफिक पुलिस को चौराहे पर किसी भी वाहन को अवैध पार्किंग के रूप में खड़ा न होने देने के निर्देश दिए, ताकि चौराहे पर जाम एवं दुर्घटना आदि न हो। पीलीभीत-बरेली मार्ग पर नवनिर्मित जहानाबाद बाईपास पहुंचने पर डीएम को बाईपास के प्रवेश मार्ग पर संरचनात्मक खामियां मिली। इस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था एनएचएआई के साइट इंजीनियर को डिवाइडर की लंबाई कम करने के निर्देश दिए। वहीं बरेली मार्ग की तरफ जाने पर ढलान कम होने एवं क्षतिग्रस्त रेलिंग गार्ड को ठीक करने को कहा। इसके साथ ही बाईपास से पहले मार्ग के दोनों तरफ बाईपास होने संबंधी सूचना का बोर्ड लगाने एवं हजार्ड लाइटें लगवाने के निर्देश दिए। डीएम ने उक्त स्थान पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए।

### असम चौराहे की पुलिस चौकी भी हटेगी, बनेगा पिलर

**पीलीभीत।** डीएम संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को असम चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एनएच के अभियंता विजय राज सिंह ने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यहां टीपी नगर के समीप फ्लाईओवर निर्माण में आड़े आ रही एचटी लाइन की अभी तक शिफ्टिंग न होने पर डीएम ने एक्सईएन विद्युत से नाराजगी जताते हुए जल्द लाइन शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। डीएम को बताया गया कि असम चौराहे पर पूर्व में संचालित पुलिस चौकी को भी शिफ्ट किए जाने की कार्रवाई की जानी है। पुलिस चौकी वाले स्थान पर पिलर का निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्धारित समय सीमा के भीतर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा कराए जाने के निर्देश दिए।

### असम हाईवे से बरहा मार्ग के टी-पॉइंट पर टर्न रोड होगा चौड़ा

पूरनपुर मार्ग पर ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित पूरनपुर गेट चौकी पर बरहा से आने वाली सड़क के मुख्य मार्ग से मिलने वाले टी-पॉइंट पर स्पीड टेबल बनाने के साथ टर्न रोड का चौड़ीकरण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डीएम ने संबंधित अधिकारियों को ब्लैक स्पाट एरिया में ब्लिंकिंग लाइट, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का चेतावनी बोर्ड लगाने एवं सड़ा पुल पर दायीं ओर उगी हुई झाड़ियों एवं झाड़ीनुमा पेड़ो की कटाई छंटाई कराने के निर्देश दिए।

### ललौरीखेड़ में डिवाइडर पर रैलिंग, अवैध कट होंगे बंद

ललौरीखेड़ा में चिन्हित ब्लैक स्पाट का भी टीम ने निरीक्षण किया। यहां चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्र में डिवाइडर की रेलिंग लगवाने और अवैध कट बंद करवाने के निर्देश दिए गए। यहां डीएम ने मार्ग के दोनों तरफ का अतिक्रमण हटाने, लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जहानाबाद मार्ग पर लालपुर चौराहे के चारों कोनों पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने, चौराहे पर रिंबल स्ट्रिप लगाने तथा मार्ग की दृश्यता बाधित करने वाले झाड़ीनुमा पेड़ों की कटाई करने के निर्देश दिए गए। इसी मार्ग पर अप्सरा नदी की संकरी पुलिया पर रिफ्लेक्टर युक्त बोर्ड लगाने एवं पुलिया का चौड़ीकरण करने एवं तीव्र मोड़ पर कैट्सआई लगाने के निर्देश दिए।

# शिक्षक अवकाश पर, स्कूल में लटक रहे ताले



बिलसंडा के गांव मीरपुर हीरपुर में बंद पड़ा प्राथमिक विद्यालय। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- **पांच दिन बाद भी स्कूल खुलवाने की नहीं की गई वैकल्पिक व्यवस्था**
- **खाना बनाते वक्त लगी आग से रसोइया की मौत का मामला**

**अमृत विचार:** गांव मीरपुर हीरपुर के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को पांचवें दिन भी ताला लटका रहा। रसोईया की मौत के मामले में लापरवाही के आरोप में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शिक्षक मेडिकल अवकाश पर चला गया था। जिम्मेदारों ने शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्यालय खुलवाने की जरूरत ही नहीं समझी। पांच दिन से लगातार स्कूल में ताला लटका है और बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित है।

थाना करेली क्षेत्र के गांव मीरपुर हीरपुर के प्राथमिक विद्यालय में 30 अप्रैल को मिड डे मील बनाते वक्त सिलेंडर में आग लग गई थी। जिसकी चपेट में आने से दो रसोईया गंभीर रूप से झुलस गई थीं। इनमें से एक रसोईया रामसनेही की मंगलवार को शाहजहांपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी जबकि दूसरी रसोईया बिटोली देवी की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक रसोईया के पुत्र वीरपाल ने रेगुलेटर एवं पाइप के खराब होने के बावजूद बदलवाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, प्रधान रामवती एवं प्रधान पति मेवाराम के खिलाफ करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। बताते हैं कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शिक्षक खुद को बीमार बताकर मेडिकल अवकाश पर चला गया। जिसकी वजह से स्कूल में पांच दिनों से ताला लटका है। बच्चे हर रोज स्कूल खुलने के वक्त गेट पर घंटों इंतजार करने के बाद निराश होकर घर वापस लौट रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस विद्यालय में एकल शिक्षक होने की वजह से उपजी समस्या से निजात दिलाने के लिए अभी तक कोई वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था ही नहीं की। जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई पांच दिनों से प्रभावित है।

उधर पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह ने घटना के बाद से बाधित हुई शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त कराने की विभागीय अधिकारियों से मांग की है। यह भी कहा कि इस घटना की रिपोर्ट दर्ज होने की वजह से पुलिस तो विवेचना कर ही रही है, लेकिन विभागीय अधिकारियों को भी गंभीरता से जांच करानी चाहिए, ताकि इस तरह की अन्य किसी विद्यालय में घटना की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

## खुद पर आई आंच तो एडवांस हाजिरी लगाने से किया इनकार

संवाददाता, बरखेड़ा

- **शिक्षक बोला- कुछ बाहरी लोगों ने आकर खींचे थे फोटो, कहीं उनकी हरकत तो नहीं**
- **खंड शिक्षाधिकारी ने स्कूल पहुंचकर शुरू की जांच**

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के एक शिक्षक की ओरा से उपस्थिति पंजिका में एडवांस में हाजिरी लगाने का मामला तूल पकड़ गया है। शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी इस प्रकरण की जांच करने के लिए स्कूल पहुंचे। उन्होंने आरोपी शिक्षक और अनुदेशक से सवाल किए। जिसमें दोनों ने ही एडवांस हाजिरी लगाए जाने की बात से इनकार कर दिया। इतना जरूर कहा कि कुछ बाहरी लोगों ने स्कूल पहुंचकर उपस्थिति पंजिका का फोटो लिया था, कहीं उन्होंने तो हरकत नहीं कर दी। फिलहाल जांच अभी चल रही है। हस्ताक्षरों का मिलान कराने के लिए खंड शिक्षाधिकारी ने बीएसए को पत्राचार करने की बात कही है। मामला दूसरे दिन भी चर्चा का विषय बना रहा।

मामला भैंसहा ग्वालपुर गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय का है। सोशल मीडिया पर वायरल उपस्थिति पंजिका के अनुसार यहां पर तैनात एक शिक्षक की ओर से तीन मई 2024 की तिथि में भी अपनी हाजिरी लगा दी गई थी। जबकि गुरुवार को दो मई थी। ऐसे में एक दिन की एडवांस हाजिरी लगाने समेत कई आरोप लगे थे। रजिस्टर का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। प्रधानाध्यापक साधूराम वर्तमान में चिकित्सा अवकाश पर हैं। विद्यालय का चार्ज एक अनुदेशक पर है। ऐसे में मामला तूल पकड़ने लगा तो बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया।

शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार स्कूल पहुंचे और जांच पड़ताल की। विद्यालय के प्रभारी इंचार्ज कंप्यूटर अनुदेशक मानिकचंद से एडवांस हाजिरी लगाने के मामले को लेकर वार्ता की गई। इसके अलावा शिक्षक सुमेंद्र सिंह से भी जानकारी की गई। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि जांच अभी चल रही है।

शिक्षक और अनुदेशक दोनों ने ही इसे लेकर अनभिज्ञता जताई। खुद एडवांस हाजिरी लगाने से इनकार किया है। ये भी बताया है कि चार-पांच लोग विद्यालय में आए थे। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका देखी गई थी और फोटो लिया गया था। संदेह जताया गया कि उनके द्वारा ही खुराफात कर दी गई होगी। ऐसे में सत्यता जानने के लिए हस्ताक्षर का मिलान कराया जाएगा। जल्द जांच पूरी करके रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## सीसीटीवी से किराना दुकान में चोरी करने वाला पकड़ा गया

**बीसलपुर, अमृत विचार:** एक माह पूर्व किराना दुकान में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस चोर तक पहुंच गई। आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। राजकीय महाविद्यालय मार्ग पर बंगाली बाबा मंदिर के सामने किराने की दुकान है। दुकान स्वामी अमरदीप उपाध्याय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पांच अप्रैल की रात दस बजे वह दुकान बंद करके घर आ गए थे।दूसरे दिन छह अप्रैल को जब वह दुकान पहुंचे तो ताले टूटे और सामान बिखरा मिला था। चोर दुकान से 25 हजार रुपये का सामान समेट ले गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। दुकान पर लगे सीसीटीवी की फुटेज को चेक करने के बाद पुलिस ने अब खुलासा कर दिया है।

# पांच जून को होनी है शादी, दबंगों से डरी दुल्हन लगा रही अफसरों से गुहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **थाना पुलिस से लेकर एसपी तक कर चुकी शिकायत लेकिन अब तक नहीं हुई युवती की सुनवाई**
- **अमरिया थाना क्षेत्र का मामला अब जिलाधिकारी को दुखड़ा सुनाकर मांगा न्याय**

> दोनों पक्षों के मकान नजदीक हैं। नाली के पानी के निकास को लेकर बीते दिनों झगड़ा हुआ था। उस वक्त दरोगा को मौके पर भेजकर जांच भी कराई गई थी। अब डीएम के समक्ष शिकायत की गई है। जिसमें गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराई जा रही है।
> – ब्रजवीर सिंह, एसओ अमरिया

**अमृत विचार:** पड़ोस के ही दबंग एक युवती की मुसीबत बन गए हैं। पांच जून को शादी होनी है और आरोपी लगातार धमका रहे हैं। शादी तोड़वाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है थाना पुलिस से लेकर एसपी से शिकायत पर भी न्याय नहीं मिला।

अमरिया थाना क्षेत्र की एक युवती ने गुरुवार को डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पड़ोसी लंबे समय से बुरी नजर रखता है। आए दिन छेड़छाड़ करता है। 24 अप्रैल की सुबह साढ़े नौ बजे मकान के बाहर आरोपी की पत्नी कूडा डालकर चली गई। जब पीड़िता ने मना किया तो दोनों आकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट की। कपड़े फाड़ दिए। बमुश्किल उसने अपनी जान और इज्जत बचाई।

कुछ देर बाद आरोपी ने अपने साले को बुला लिया और पीड़िता के घर में घुस आया। दुष्कर्म करने की कोशिश की। शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। इस पर आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने बताया कि उसकी पांच जून को शादी होनी है। आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं कि वह उसकी शादी नहीं होने देंगे। घटना की तहरीर थाना अमरिया पुलिस को दी गई, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। 26 अप्रैल को एसपी को शिकायती पत्र दिया, लेकिन उस पर अभी तक एक्शन नहीं लिया गया है। आरोपी लगातार दुष्कर्म करने और शादी तुड़वाने की धमकी दे रहे हैं। पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। साथ ही आरोपियों की दबंगई से घबराकर पलायन करने को मजबूर हो चुका है। डीएम से मामले की एफआईआर दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई।

**आयोजन** शहर के एक होटल में हुई कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को किया जागरूक

# गन्ने की लाइलाज 'रेड रॉट' बीमारी से निपटने के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ने की रेड रॉट बीमारी से निपटने को अभियान की शुरूआत की गई है। प्रदेश के पांच जिला में चलने वाले इस अभियान की शुरुआत पीलीभीत से की गई। अभियान के तहत हुए कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किसानों को रेड रॉट बीमारी की पहचान व इसके समाधान के बारे में बताया।

शहर के एक होटल में शुक्रवार को हुई कार्यशाला में किसानों को बताया कि यह अभियान प्रदेश के पांच जिले मुजफ्फरनगर, अमरोहा, पीलीभीत, लखीमपुर और कुशीनगर में चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत पीलीभीत से की गई है। अभियान का उद्देश्य गन्ना किसानों को रेड रॉट (लाल सड़न) बीमारी के विनाशकारी प्रभावों की पहचान करने तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों के द्वारा सशक्त बनाना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार लाल सड़न रोग से गन्ने की उपज में पचास प्रतिशत तक की कमी के साथ ही गन्ने के वजन और रस निकलने की दर में गिरावट के साथ-साथ चीनी प्राप्ति में भी कमी हो सकती है। कहा कि यह अभियान एक पेस्टीसाइड कंपनी ने शुरू किया है। कार्यशाला में डीसीओ जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, एलएच चीनी मिल के जीएम गन्ना केबी शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस एस ढाका, गन्ना अनुसंधान केंद्र शाहजहांपुर कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीके कपिल डीजीएम, संजीव राठी, कंपनी के प्रभाग प्रबंधक शलिंदर सिंह, व्यवसाय प्रबंधक अजय कुमार सिंह, मुख्य खाता प्रबंधक संदीप वत्स समेत करीब 102 गन्ना किसान मौजूद रहे।



कार्यशाला में किसानों को रेड रॉट रोग की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

**सुश्रुत क्लीनिक**
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरु /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
**मैक्सलाइफ**
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली



**डॉ. अनीस बेग**
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप



**डॉ. फैहमी खान**
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ



**डॉ. अरशद**
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
स्त्री रोग विशेषज्ञ

**डॉ. शरद खंडेलवाल**
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

**डॉ. यशवीर**
M.B.B.S., M.S., M.C.H
Neurosurgeon
दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ

**डॉ. मो. जावेद**
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

**डॉ. जावेद ए. खान**
M.B.B.S., M.S., Orthopedic
Surgeon Truama & Joint Replacement

FACILITIES
- CATHLAB
- ICU
- CCU
- ANGIOPLASTY
- NICU
- ECHO TMT
- ANGIOGRAPHY
- HDU
- PACEMAKER
- DIALYSIS
- VENTILATOR

मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब

EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0584-2990926
0581-2990928


# 50 किलो गेहूं नहीं मिला तो मास्साब नहीं करेंगे हस्ताक्षर, कोटेदार परेशान

## बच्चों से साफ सफाई और कुल्हाड़ी देकर लकड़ी कटवाने का भी आरोप

संवाददाता, बिठौराकलां



स्कूल परिसर में बच्चों का कुल्हाड़ी से लकड़ी काटते वायरल किया फोटो। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में एक तरफ शैक्षिक स्तर बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं कुछ जिम्मेदार शासन की मुहिम को बट्टा लगाने में जुटे हैं। अभी मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के एक शिक्षक का एडवांस में हाजिरी लगाकर जाने का मामला शांत नहीं हो सका था कि अब एक अन्य स्कूल से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें प्रधानाध्यापक पर बच्चों से स्कूल में कामकाज कराने और कोटेदार पर 50 किलो राशन देने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई है। सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो में मामला मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाग के मजरा पुरवा के प्राइमरी स्कूल का बताया गया है। आरोप है कि यहां पर तैनात प्रधानाध्यापक गांव के कोटेदार से प्रतिमाह पचास किलो गेहूं मांग रहे हैं। मिड डे मील का राशन कोटेदार देता भी है, लेकिन प्रधानाध्यापक को अलग से 50 किलो गेहूं देने पड़ते हैं। कुछ



बाइक पर गेहूं ले जाते हुए प्रधानाध्यापक का वायरल किया फोटो। ● अमृत विचार

● **पुरवा गांव के प्राइमरी स्कूल के कई वीडियो हुए वायरल**

फोटो व वीडियो सर्दी के मौसम के वायरल किए गए हैं। जिसमें बच्चे हाथ में कुल्हाड़ी लिए लकड़ी का बोटा काटते दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि बच्चों से मेहनत मजदूरी कराई जा रही है, न कि पढ़ाई। बच्चों से साफ सफाई कराने से लेकर कथित तौर पर कोटेदार से लिए गेहूं बाइक पर ले जाते हुए का भी वीडियो वायरल किया गया है। जिसके बाद खलबली मची हुई है। हालांकि प्रधानायापक ने खुद पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है।



प्रधानाध्यापक हर माह 50 किलो राशन अपने लिए मांगते हैं। कहते हैं कि नहीं दोगे तो राशन से जुड़े रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। इससे जुड़े साक्ष्य भी मौजूद हैं। एक दो बार मेरे द्वारा वीडियो बना लिए गए थे। **–सत्यपाल उर्फ पप्पू,** कोटेदार का पुत्र




कोटेदार पर तीन क्विंटल राशन पहले का बकाया है। कोटेदार ने कहा था कि जब जरुरत पड़े तो उसे ले लेना। इसी को लेकर राशन मांगा गया था। गलत तरीके से आरोप लगाए जा रहे हैं। गेहूं का कट्टा बाइक पर पिसवाने के लिए ले जाते वक्त फोटो खींच लिया गया था। बच्चों से काम नहीं कराया जाता है। सर्दी के दिनों में खुद ही कुछ बच्चे कुल्हाड़ी लेकर अलाव के लिए लकड़ी काटने लगे थे। ये पुराने वीडियो हैं। **–राजेश शर्मा,** प्रधानाध्यापक

### ग्रामीणों ने भी अव्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

एक तरफ कोटेदार की ओर से प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाया गया है। वहीं, कुछ ग्रामीणों ने भी प्राइमरी स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि विद्यालय परिसर में गंदगी रहती है। कई जगह टूट-फूट भी है। उसका सुधार नहीं हो सका है। गांव के ही लालाराम का कहना है कि प्रधानाध्यापक एवं एक सहायिका है। स्टाफ कम होने पर पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही। गावं के ही मेवाराम का कहना है कि आलम ये है कि कक्षा पांच के बच्चे हिंदी भी ठीक से नहीं पढ़ पाते हैं। आरोप लगाया कि जो बच्चा स्कूल नहीं जाता है, उससे बाद में एक रुपये लिया जाता है। शिकायत इसलिए नहीं की गई ताकि बच्चों पर गुस्सा न निकाला जाए।

# मैथ्स ओलम्पियाड से जाना विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर



मैथ्स ओलम्पियाड में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज में मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमे कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गणित के तीनों भागों से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्नों को बच्चों ने सूझबूझ से हल किया।

ओलंपियाड के माध्यम से विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर की जानकारी प्राप्त की गई। ताकि उसी के अनुरूप शिक्षण कार्य कराया जा सके। आयोजन में सचिन गंगवार, स्वाति सिंह की मुख्य भूमिका रही। प्रतिभाग करने वालों में बंधन, सुब्हान, गुरलीन कौर, गुरसीरत कौर, आरव, रौनक, देव, अनुराग. हार्दिक, अंशिका, अपर्णा, वंश, अभिनव, वैष्णवी, पलक, यश, अनुज, मुस्तजाब, प्रदीप, आकर्ष कुमार, वैभव, साहिल, स्नेहा, कमलजीत, सहज प्रीत, इरा, अनस, अब्दुल आदि थे। प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने कहा कि हमे प्रत्येक विषय को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए ताकि उससे संबंधित कोई भी क्विज या ओलंपियाड हमें विचलित न कर सके। हम आत्मविश्वास से भरपूर होकर परीक्षा दे सकें।

# आठ महीने बीते, प्रधान-सचिव से रिकवरी करना भूला प्रशासन

संवाददाता, बिलसंडा

● **डीपीआरओ की ओर से जांच रिपोर्ट देने के बाद भी डीएम कार्यालय में दबी है फाइल**

● **गांव के संतोष वर्मा की दोबारा शौचालय का लाभ दिए जाने की शिकायत पर डीएम ने कराई जांच**

**अमृत विचारः** डीएम कार्यालय में अपात्रों को शौचालय आवंटित करने के मामले में प्रधान और सचिव से की जाने वाली रिकवरी की फाइल आठ महीने से दबी है।

डीपीआरओ की जांच में इस धांधली का पता चलने पर डीएम कार्यालय में भेजी गई जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने प्रशासन से न्याय की उम्मीद न होने पर कोर्ट का सहारा लेने की बात कही है।

दरअसल, ग्राम पंचायत फिरसाह चुराह पिछले दो वर्षों से खास सुर्खियों में है। यहां बनवाया गया पंचायत भवन का मामला हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। इतना ही नहीं पंचायत भवन को लेकर आधा दर्जन से अधिक जिम्मेदारों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा चुकी है। बावजूद इसके जिम्मेदार सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। वर्ष 2017-18 में जिन लोगों को स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय आवंटित किए गए थे। आरोप है कि उनमें से करीब चार दर्जन लाभार्थियों को दोबारा शौचालय का लाभ दे दिया गया। इतना ही नहीं जिम्मेदारों की ओर से शौचालय आवंटन में बड़े पैमाने पर न केवल धांधली बरती गई, बल्कि रेवड़ियों की तरह आवंटित किए गए शौचालयों के लाभार्थियों से अवैध रूप से वसूली भी की गई। गांव निवासी संतोष वर्मा की शिकायत पर डीपीआरओ सतीश कुमार ने गांव पहुंचकर इस धांधली की जांच की। उन्होंने आरोप सही पाते हुए पांच अक्टूबर 2023 को शौचालय आवंटन पर व्यय हुई धनराशि प्रधान एवं सचिव से रिकवरी करने का उल्लेख करते हुए डीएम को रिपोर्ट भी दी।

लेकिन इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। डीएम को रिपोर्ट देने के आठ माह गुजर चुके हैं। धनराशि की रिकवरी कराना तो दूर, मामले में लेशमात्र भी कार्रवाई नहीं हुई है।

### तो राजनीतिक दबाव है कार्रवाई न करने की वजह

सूत्रों की मानें तो प्रधान और सचिव पर रिकवरी करने की कार्रवाई स्थानीय सत्ता पक्ष के नेता के दबाव में रुकी पड़ी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि शौचालयों के नाम पर इतनी बड़ी धांधली हुई, जिसका खुलासा डीपीआरओ के मौके पर जाकर की गई जांच में हुआ और इसकी रिपोर्ट डीएम को भी भेज दी गई। जांच रिपोर्ट में प्रधान और सचिव से धनराशि रिकवरी करने का उल्लेख भी किया, लेकिन लेकिन ऐसी कोई तो वजह है कि अभी तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट की शरण लेने के अलावा खुद लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री के सामने साक्ष्यों के साथ शिकायत करेंगे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

**डॉ. रजनीकांत साहू**
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
**बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर**
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

**डा. सतेन्द्र शर्मा**
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
**श्रद्धा केयर अस्पताल**
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
**डॉ. अरशद अली**
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
**डॉ. शाहिदा बी. खान**
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
**सब पैथोलॉजी**
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117


### महिला को जिंदा जलाने की कोशिश

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बमनपुरी की निवासी नसीमा बेगम पत्नी शरीफ खां ने बताया कि उनका शुक्रवार को पुत्र और पुत्रवधू से कपड़े रखने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पुत्रवधू ने अपने मायके वालों को बुला लिया। मायके वालों ने पुत्र के साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर जब वह बेटे को बचाने के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। डीजल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। किसी तरह खुद को बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### न्यायालय के आदेश पर अब होगी विवेचना

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** फरवरी माह में हुई मारपीट की घटना में अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस विवेचना करेगी। दरअसल, बरखेड़ा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैनिया रामकिशन के निवासी दिनेश ने पुलिस को उस वक्त दी गई तहरीर में बताया था कि 18 फरवरी की सुबह साढ़े सात बजे उसका घर के निकास को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। आरोप था कि उसके अलावा पिता रघुवीर, बहन शिलोचना की भी आरोपियों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि गांव के ही डोरीलाल के खिलाफ उस वक्त एनसीआर दर्ज की गई थी। अब न्यायालय के आदेश पर मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# कटान करती दिखी देवहा नदी की कराई नापजोख



कटान की स्थिति देखते हुए एसडीएम के निर्देश पर पहुंची टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला,

● **एसडीएम के निर्देश पर ग्राम भरापचपेडा पहुंची राजस्व टीम**

● **एवी मौरी कंपनी के कर्मचारी यूपीसीडा के अफसर भी पहुंचे**

**अमृत विचारः** नदी के तेजी से कटान होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उप जिलाधिकारी अमरिया अजीत प्रताप सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को ग्राम भरापचपेडा में राजस्व टीम पहुंची।

टीम के साथ एवी मौरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी और यूपीसीडा के अधिकारी भी मौजूद थे। यहां उन्होंने भरा पचपेड़ा स्थित एवी मौरी कंपनी के कार्यालय में बैठकर वार्ता की। इसके बाद संसुक्त रुप से नदी और नाले की स्थिति को देखा गया। बाढ़ खंड की टीम भी यूपीसीडा और एवी मौरी कंपनी के अधिकारियों के साथ रही। निरीक्षण के दौरान एवी मौरी की बाउंड्रीबाल के पचास मीटर दूरी पर देवहा नदी बहती पाई गई। जिसने बाउंड्रीबाल की ओर कटान भी करना शुरू कर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने माना भविष्य में नदी और कटान कर सकती है। जिसे देखते हुए एवी मौरी की फैक्ट्री को क्षति की सम्भवना हो सकती है। दो दिन पहले कार्यवाह मुख्य सचिव मनोज कुमार ने फैक्ट्री का यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया है। अब कटान का पता चलने पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने बाढ़ खण्ड की टीम से कटान रोकने सम्बन्धी कार्य कराने का अनुरोध किया है। बाढ़ खण्ड की टीम ने नदी के तट की नाप-जोख की। टीम में तहसीलदार दिलीप कुमार, नायब तहसीलदार अभिनव प्रताप, क्षेत्रीय कानूनगो कमल सक्सेना, लेखपाल विनय कुमार गंगवार, अशोक कुमार, शिवम, रामगोपाल, बृजेश कुमार, विजय कुमार, भारत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पौटाकलां के रहने वाले सरफराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अप्रैल को वह पत्नी साबिया के साथ बाइक से पीलीभीत निजी काम से गए थे। काम निपटाकर वह जब वापस घर आ रहे थे तभी एक मेडिकल स्टोर के पास पहुंचते ही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दंपति घायल हो गए। पत्नी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया था। जहां अभी भी पत्नी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने सरफराज की तहरीर पर इस मामले में कार नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अवैध भंडारण की एसडीएम से शिकायत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी के रहने वाले व्यापारी नेता विजयपाल सिंह विक्की ने एसडीएम को संबोधित पत्र शुक्रवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा। जिसमें आरोप लगाया कि कुछ राइस मिलों में गेहूं को अवैध रूप से खरीद कर भंडारण किया गया है। इससे किसानों का शोषण हो रहा है। राइस मिलों में लगे धर्म कांटों पर जमकर घटतौली की जा रही है। व्यापारी नेता ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# खनन माफिया बेखौफः नायब तहसीलदार को खेतों में दौड़ाया, तलवारें भी लहराई गईं

## गुरुवार देर रात की घटना, पकड़ी गई दो ट्रैक्टर ट्रालियां भी जबरन छुड़ा ले गए आरोपी

संवाददाता, पूरनपुर

- दो नामजद समेत 12 के खिलाफ पुलिस को दी गई तहरीर, गुरुवार रात हुई घटना

**अमृत विचारः** अवैध खनन की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार को खनन माफिया ने तलवार और फावड़ा लेकर दौड़ा दिया। खेतों में भागकर अधिकारी व टीम ने किसी तरह से जान बचाई। टीम की ओर से कार्रवाई करते हुए कब्जे में ली गई दो ट्रैक्टर ट्राली भी आरोपियों ने जबरन छुड़ा लीं। इसकी जानकारी लगने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार की ओर से दो नामजद समेत 12 के खिलाफ तहरीर दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

गुरुवार रात नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित सेहरामऊ क्षेत्र में किसी काम से गए थे। लौटते वक्त रास्ते में जगतपुर गांव के पास रात के अंधेरे में कुछ लोग अवैध खनन करते हुए दिखे। गाड़ी से उतरने के बाद नायब तहसीलदार जांच के लिए खेत में पहुंच गए। उन्होंने खनन करने वाले लोगों से परमिशन मांगी तो वह नहीं दिखा सके। नायब तहसीलदार ने मिट्टी भरी और एक खाली ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ली और तहसील लेकर चलने को कहा। आरोप है कि इस बीच अचानक ट्रैक्टर चालक मुस्तफा उर्फ चन्नू ने कब्जे में ली गई ट्राली की मिट्टी जबरन नीचे गिरा दी। दोनों ट्रैक्टर दूसरी दिशा में मोड़ दिए। कुछ दूरी पर जाकर उसने फोन कर कुछ अज्ञात लोगों को बुला लिया। जिसके बाद नायब तहसीलदार पर हमलावर हो गए। फावड़ा और तलवार लेकर आरोपी नायब तहसीलदार की तरफ दौड़ पड़े। नायब तहसीलदार बचने के लिए खेतों में भागे। जिसके बाद आरोपी भी उनके पीछे दौड़ पड़े। बेखौफ आरोपियों ने नायब तहसीलदार को खेतों में काफी दूर तक दौड़ाया। जैसे तैसे वह अपनी गाड़ी तक पहुंचे और मौके से भाग निकले। बताते हैं कि आरोपी मुस्तफा जिला बदर रह चुका है। उसके खिलाफ मिट्टी और रेत खनन के अलावा लकड़ी काटने के भी मुकदमे दर्ज हैं। सेहरामऊ उत्तरी एसओ प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। प्रकरण को गंभीरता से लेकर जांच कराई जा रही है।

### दूसरे दिन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार

गुरुवार रात में जान बचाकर पूरनपुर पहुंचे नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने इसकी सूचना एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को भी दी। जिसके बाद शुक्रवार सुबह एसडीएम ने कार्यालय में तहसीलदार और नायब तहसीलदार के साथ घटना को लेकर वार्ता की। नायब तहसीलदार ने शुक्रवार दोपहर में सेहरामऊ थाने पहुंचकर पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी। उसके बाद नायब तहसीलदार, सेहरामऊ एसओ प्रकाश सिंह के साथ उसी जगह पहुंचे जहां रात में घटना हुई थी। पुलिस ने वहां काफी देर तक छानबीन की।

### रात में चलता है अवैध खनन का धंधा

सेहरामऊ क्षेत्र में अवैध खनन की सूचनाएं लगातार अधिकारियों को मिलती रहती हैं। चर्चा है कि माफियाओं को कुछ जिम्मेदारों का संरक्षण प्राप्त है। जिसके बल पर वह बेखौफ होकर खनन करते हैं। खेत से मिट्टी ही नहीं खीरी ब्रांच नहर से अवैध रूप से रेत निकालने का काम भी रात के अंधेरे में ही करने की चर्चाएं तेज हैं। जानकारी होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं करती। इसके चलते माफियाओं के हौसले बुलंद है। यही वजह है कि नायब तहसीलदार पर हमला करने से वाले पूरी तरह से बेखौफ थे।

## खेत से घर जा रहे ग्रामीण पर हमला पुत्रों को भी पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** खेत पर काम निपटाकर घर जा रहे ग्रामीण को रास्ते में घेरकर हमला कर दिया गया। जब उसके बेटे बचाने के लिए पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी गई। पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया पचपेड़ा के निवासी प्यारेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मई को वह अपने खेत पर गन्ने की खुदाई कर रहे थे। इस बीच पड़ोसी खेत स्वामी प्रेमपाल, महेशपाल आ गए और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित पर खेत की मेड़ काटने का आरोप लगाते हुए धमकाया। जब पीड़ित अपने घर जा रहा था। तभी प्रेमपाल, महेशपाल और पिंकी ने अपने घर के सामने रोक लिया और हमला कर दिया। लाठी डंडे से पिटाई कर दी। शोर सुनकर बेटा विनोद व मुकेश बचाने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी। किसी तरह अपनी जान बचाई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

# लेखपाल ने फेरी निगाहें डीएम ने किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्राम धरमंगदपुर में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का मामला
- डीएम की जांच में उजागर हुई लापरवाही, कार्रवाई से हड़कंप

**अमृत विचारः** ग्राम समाज की जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जे को लेकर लेखपाल की ओर से कार्रवाई करने के बजाय लापरवाही बरतना महंगा पड़ गया। शिकायत मिलने पर डीएम ने जांच कराई तो लेखपाल की लापरवाही पकड़ी गई। जिसके बाद सख्त रूख अपनाते हुए डीएम ने लेखपाल पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिसके बाद एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को डीएम संजय कुमार सिंह को शिकायत मिली थी कि कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम धरमंगदपुर में कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है।

कब्जा करने के साथ ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें कुछ जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम ने कलीनगर तहसील से अधिकारियों की टीम भेजकर प्रकरण की जांच कराई और निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। जिसके बाद खलबली मच गई। टीम ने आनन-फानन में स्थलीय निरीक्षण किया और डीएम को अपनी जांच आख्या भेज दी। जिसमें बताया गया कि धरमंगदपुर गांव निवासी शकील की ओर से ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। मगर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उक्त निर्माण को रोकने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गई। न ही अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। ऐसे में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कराने, पदेन दायित्वों के अनुरूप कार्य न करने, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने आदि आरोपों का प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए डीएम ने कलीनगर तहसील के लेखपाल विन्द्रावन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिसके बाद एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलम्बन अवधि में लेखपाल तहसील कलीनगर रजिस्ट्रार कानूनगो के कार्यालय से सम्बन्ध रहेगा। अग्रिम आदेशों तक विवेक सिंह लेखपाल द्वारा संबंधित हल्के का कार्य सम्पादित किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदे गए बर्तनों में धांधली की जांच शुरू

संवाददाता, पूरनपुर

- शेरपुर कलां के ग्राम पंचायत सदस्य ने कार्यवाहक ग्राम प्रधान व सचिव पर लगाया आरोप
- जिलाधिकारी से शिकायत किए जाने पर बीडीओ ने कार्यकत्रियों के दर्ज किए बयान

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत सदस्य ने कार्यवाहक ग्राम प्रधान और सचिव पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर बांटे गए बर्तनों की धनराशि में धांधली करने का आरोप लगाया। शिकायत पर बीडीओ ने मामले की जांच पड़ताल की। प्रथम प्रथम दृष्टया मामले में धांधली करने की बात सामने आई। सचिव से भुगतान करने से संबंधित प्रपत्र मांगे गए हैं।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां की तत्कालीन ग्राम प्रधान अंजुम बेगम ने दो दिसंबर 2023 को गांव के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बर्तन वितरित किए थे। यह बर्तन ग्राम प्रधान ने निजी धन से खरीदे थे। 28 जनवरी को ग्राम प्रधान अंजुम बेगम की मौत हो गई। इससे खरीदे गए बर्तन का भुगतान ग्राम पंचायत के खाते से नहीं हो सका। ग्राम प्रधान की मौत के बाद समिति बनाई गई। आरोप है कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने सचिव की मिलीभगत से ग्राम पंचायत के खाते से खरीदे गए बर्तनों का 2,26,822 रुपये भुगतान खाते से निकाल लिया।

जबकि बर्तन पूर्व प्रधान ने महज 60 हजार रुपए में खरीदे थे। कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने और सचिव ने फर्जी बर्तन की दुकान का बिल लगाकर धनराशि निकालने में धांधली की। शिकायत विभागीय उच्च अधिकारियों से की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत सदस्य इशरत यार खां, सकूर मोहम्मद और बसीउल्ला आदि ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह शिकायत की जांच करने शेरपुर कलां गांव पहुंचे। उन्होंने पंचायत घर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। जांच में प्रथम दृश्य बर्तन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा बांटे जाने की बात सामने आई। बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव से आहरण की गई धनराशि और खरीदे गए बर्तन के बिल आदि पर पत्र मांगे हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय पर प्रपत्र न दिए जाने पर मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत, बाइक सवार दो युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को 112 नंबर टीम ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को देर शाम 8:00 बजे नेशनल हाईवे स्थित धनेली पल्टू गांव के सामने हादसा हो गया। बरेली की तरफ से बाइक सवार जीत सिंह और सत्येंद्र सिंह बरेली से अपने गांव फतेहपुर खुर्द जा रहे थे। तभी अचानक भट्ठे से ईंट भरकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# केबल बदलने से नदरई गेट क्षेत्र में गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



शहर के नदरई गेट इलाके में लाइन बदलने का कार्य करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

- कई क्षेत्रों में नहीं मिली आपूर्ति, गर्मी में परेशान रहे लोग
- सुबह से ही गर्मी के तेवर देख बिजली आपूर्ति हांफने लगी

**अमृत विचारः** गर्मी तेज होने के साथ बिजली गायब रहने लगी है। शहर से लेकर गांवों तक बिजली की समस्या बढ़ती जा रही है। कहीं ट्रिपिंग की समस्या है तो किसी इलाके में केबल बदलने का काम चल रहा है। नदरई गेट क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह से बिजली गुल हो गई। यहां दिन में केबल बदलने का काम किया गया। तेज गर्मी में बिजली न आने से लोग परेशान रहे।

गर्मी के तेवर तल्ख होने के साथ ही बिजली आपूर्ति हांफने लगी है। कहीं फेस ब्रेक होने तो कहीं तारों के टूटने आदि की समस्याएं सामने आ रही हैं। इससे गर्मी में लोग परेशान हैं। शहर की आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर दो व चार में वोल्टेज की समस्या है। यहां एक फेस में काफी कम वोल्टेज आए तो एक फेस में हाई वोल्टेज हो गए। हाई वोल्टेज आने पर लोगों के घरों में लगे फ्रिज, सबमर्सिबल, कूलर पंखा, एलईडी आदि फुंक गए। साथ ही रात में गर्मी की मार झेलनी पड़ी।

नदरई गेट क्षेत्र में तकनीकि कमी आने से गुरुवार रात में बिजली गायब रही। शुक्रवार सुबह यहां केबिल बदलने का काम किया गया। इससे क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली का खेल चलता रहा। प्रभू पार्क इलाके में भी बिजली की समस्या रही।

> केबल बदलने का काम कुछ क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस कारण आपूर्ति बाधित रही। हालांकि समय रहते आपूर्ति सुचारू कर दी गई। पहले से ही आपूर्ति बाधित होने की जानकारी संबंधित क्षेत्र के लोगों को सार्वजनिक कर दी गई थी।
>
> **-रोहित कनौजिया,** एसडीओ

# निजी एंबुलेंस में ऑक्सीजन न मिलने पर मरीज की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मृतक के परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस को सौंपे चालक और एंबुलेंस का मालिक

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर द्वारा रेफर करने के बाद बरेली ले जाते समय एक मरीज ने एंबुलेंस में ऑक्सीजन न मिलने पर दम तोड़ दिया। आक्रोशित परिजनों ने हंगामा किया। एंबुलेंस के मालिक और चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरुपुरी विनायक निवासी उदयवीर सिंह पटेल (40) कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें फेफड़ों की बीमारी थी। शुरूआत में घर पर दवा ली। आराम न मिलने पर परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर शुक्रवार को डॉक्टर ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजनों ने बरेली तक मरीज ले जाने को 1700 रुपये में एक निजी एंबुलेंस बुक की। रास्ते में उदयवीर सिंह की मौत हो गई। मृतक के भतीजे सचिन पटेल ने पुलिस को बताया कि निजी एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर थे लेकिन वह खाली थे। रास्ते में जरूरत होने पर उदयवीर सिंह को ऑक्सीजन नहीं दी जा सकी। परिजनों ने एंबुलेंस के मालिक और चालक को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और एंबुलेंस के चालक व मालिक को साथ ले आई। उदयवीर सिंह पटेल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बेतरतीब पार्किंग से लग रहा जाम

संवाददाता, बीसलपुर


ईदगाह चौराहे पर सवारी भरते वक्त बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहन।

- जिम्मेदारों से कई बार हुई शिकायत, नहीं हुए इंतजाम

**अमृत विचारः** नगर के प्रमुख चौराहा ईदगाह पर मैजिक, प्राइवेट बस, थ्री व्हीलर रोडवेज बसों के चालकों द्वारा मार्ग पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े किए जा रहे हैं। सवारियां भरते वक्त वाहनों के गलत ढंग से खड़ा होने से जाम की समस्या बनी रहती है।

हादसे का भी डर बना हुआ है। कई बार शिकायतें की गई लेकिन हालात सुधरने पर नहीं आ रहे हैं। करीब डेढ़ साल पहले शासन के आदेश पर नगर पालिका परिषद की तत्कालीन ईओ वंदना शर्मा ने चौराहे पर खड़े होने वाले थ्री व्हीलर, प्राइवेट बस, मैजिक, ई रिक्शा आदि को 100 मीटर की दूरी खड़ा करने के आदेश दिए थे। जगह चिन्हित कर नीलम कराकर वाहन पार्किंग स्थल बनाए गए थे। जिनके ठेके नगर के ही लोगों ने ले रखे हैं। कुछ दिनों तक तो यह सभी वाहन अपने-अपने अड्डों से संचालित होते रहे लेकिन अब दोबारा हालात जस के तस बन चुके हैं। बीसलपुर से दियोरिया, बिलसंडा, रसाया खानपुर, चुर्रासकतपुर ,टिकरी माफी, बरखेड़ा आदि स्थानों को जाने वाले टेंपो मैजिक समेत अन्य वाहन चिन्हित स्थान पर खड़े न होकर मार्ग पर बेतरतीब तरीके से खड़े कर दिए जाते हैं।

कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। जाम की दिक्कत बनी हुई है। कई बार दिन में जाम लगता है।

## रहस्यमय ढंग से युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पीलीभीत।** घर से बरात में जाने के लिए निकला युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। वह बरात में भी नहीं पहुंचा। पुलिस ने भाई से मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की है। सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया इस्लामनगर के रहने वाले रफीक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई मोहम्मद यामीन 25 अप्रैल की दोपहर करीब सवा बजे सैजना गांव के पास एक दावत में जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। देर शाम तक जब वह वापस नहीं आया तो जानकारी की गई, जिसमें पता चला कि वह तो दावत में पहुंचा ही नहीं। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ बताता रहा। कई जगह तलाशने के बाद भी भाई के बारे में कोई जानकारी नहीं हो सकी है। सुनगढ़ी पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश में जुटी है।

# दूषित पानी व गंदगी से गांव में बीमारी फैलने का खतरा


पंडरी मरौरी की दलित बस्ती में इंडिया मार्का हैंडपंप के पास गंदगी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- गर्मी के दस्तक देते ही संक्रामक रोगों ने पसारे पांव
- गत वर्ष दो दर्जन से अधिक लोगों की हुई थी रोगों से मौत

**अमृत विचारः** गर्मी की दस्तक के साथ ही संक्रामक रोगों ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा गांवों में न तो साफ सफाई सुदृढ़ कराने का दायित्व निभाया जा रहा है, न ही ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। सरकारी हैंडपंप के चारों ओर व्याप्त गंदगी के बीच ग्रामीणों को दूषित पानी पीने पर विवश होना पड़ रहा है। गत वर्ष क्षेत्र के कई गांवों में गर्मी के दस्तक देने के बाद संक्रामक बीमारियों ने घेर लिया था।

गांव बिलहरा में 10, मकरंदपुर में 2, मरौरी खास में 2 और अन्य कई गांवों में भी दो दर्जन से अधिक लोगों की संक्रामक रोगों की चपेट में आने के बाद मौत हो गई थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग गांवों में टीम भेज कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ ही दवाओं का वितरण भी कराया था। सीएमओ ने भी इन गांवों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। जिसमें गंदगी की वजह से रोगों के फैलने की बात कही गई थी। बताते हैं कि पिछले वर्ष तो जैसे तैसे रोगों पर नियंत्रण कर लिया गया था ,लेकिन गर्मी के दस्तक देते ही गांवों में व्याप्त गंदगी और दूषित पेयजल के सेवन के कारण लोग डायरिया की चपेट में आने लगे हैं।

बावजूद इसके गांवों में सफाई व्यवस्था सुदृढ कराना तो दूर की बात, जिस जगह पर सरकारी हैंडपंप लगे हैं, वहां पर कीचड़ युक्त पानी भरा होने की वजह से दूषित पेयजल लोगों को पीना पड़ रहा है। गांव पंडरी मरौरी की दलित बस्ती में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप के चारों ओर बेतहाशा कीचड़ है। यहां पर जल निकासी के लिए ग्राम पंचायत द्वारा नाली का निर्माण ही नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से कीचड़ में न केवल मच्छर पनप रहे हैं। बल्कि गंदगी की वजह से पेयजल भी दूषित हो रहा है।

कमोवेश यही स्थिति क्षेत्र के तमाम अन्य गांवों की है, जहां पर भीषण गंदगी होने के बावजूद सफाई व्यवस्था बदहाल है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश गांवों में सफाई कर्मियों की तैनाती है, लेकिन सफाई कर्मी गांव में सफाई करने पहुंचते ही नहीं है। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है।

# प्रेमभाव हो तो प्रकट हो जाते परमात्मा:त्रिपाठी

संवाददाता, बिलसंडा


बिलसंडा के हनुमान मढी मंदिर पर राम कथा का रसपान करते हुई श्रद्धालु।

**अमृत विचारः** सुन्दर काण्ड सेवा समूह के तत्वावधान में नगर के हनुमान मढ़ी मंदिर पर चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में तीसरे दिन शुक्रवार को व्यास पीठ से कथा व्यास पंडित अम्बरीष त्रिपाठी ने शिव विवाह और उससे सम्बंधित कई प्रसंगों का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

उन्होंने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि राम कथा का आनंद तभी है,जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर,लय,ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। कहा कि सिद्ध होने की आवश्यकता नहीं है, शुद्ध होने की जरूरत है। भगवान के सीसीटीवी कैमरे से डरिए। उनका कैमरा हर जगह लगा है। जिसमें हमारे सारे कर्म रिकॉर्ड हो जाते हैं।इसलिए अपने कर्म पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए।रामकथा में चंद्रघंटा का स्मरण कर भोलेनाथ की बारात की कथा सुनाते हुए कहा कि गण भोलेनाथ का श्रृंगार करने में लग गए। जटाओं का मुकुट बनाकर उस पर सांपों का मौर सजाया गया।शिवजी ने सांपों का ही कुंडल व कंगन पहने,शरीर व विभूति रमाई और वस्त्र की जगह बाघ की खाल लपेटकर बारात लेकर पहुंचे, जिसे देख नगरवासी आश्चर्यचकित हो गए। शिवजी को इस रूप में देखने के लिए अनेक देवी देवता पहुंचे थे।आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। व्यवस्था में मंदिर के महंत कृष्ण गिरी महाराज,राजेश मिश्रा राजू,रजनीश मिश्रा,भोलेनाथ जायसवाल,अरविंद शुक्ला भरत जी,सचिन मिश्रा,राजीव त्रिवेदी, सुंदर लाल,मनोज वर्मा,अशोक शुक्ला आदि का सहयोग किया।

## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**बीसलपुर, अमृत विचारः** जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह और संचारी रोगों के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने और साफ सफाई रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के बाद एक गोष्ठी भी हुई, जिसमें प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने यातायात नियमों का पालन करने का महत्व बताया। कहा बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया। इस मौके पर तेज प्रकाश, असलम यार खान, मोहम्मद अफजल, प्रेमपाल, सत्यपाल, संदीप श्रीवास्तव, भुवनेश कुमार सिंह, अरुण चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# छात्रों की सफलता पर उनके अभिभावक भी सम्मानित हुए


पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गौनेरीबदी में सम्मानित किए गए बच्चे और स्टाफ।

संवाददाता, जहानाबाद

**अमृत विचारः** पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गौनेरीबदी में गुरुवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 उत्तीर्ण करने वाले पांच बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। उन्हें पहले मिठाई खिलाई और फिर जलपान कराया गया। उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कक्षा नौ में प्रवेश व छात्रवृत्ति की आगे की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। बता दें कि पास होने वाले बच्चों में प्रियांशी, संतोष कुमार, दीक्षा, अमरसेन और सत्यम कुमार हैं। इन्हें कक्षा नौ से बारह तक 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिक, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


# स्कॉर्पियो में फंसी बाइक 20 मीटर घिसटी, युवक की मौत

## दो बेटियों को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था



स्कॉर्पियो में फंसी बाइक निकालते लोग। अमृत विचार

- रकेहटी स्थित डिग्री कालेज के पास दोपहर के समय हुई दुर्घटना
- दोनों बहनों की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर किया

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** ढखेरवा-निघासन मार्ग पर रकेहटी में स्थित डिग्री कॉलेज के पास स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक स्कॉर्पियो में फंस गई और करीब 15 मीटर दूर तक घिसटती हुई चली गई। हादसे में बाइक चालक और उसकी दो बेटियां घायल हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर दोनों बहनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

निघासन थाना क्षेत्र के गांव रकेहटी निवासी माता प्रसाद का पुत्र जितेंद्र चतुर्वेदी (38) उर्फ मझिले की पुत्री मानसी (12) व वैष्णवी (15) निघासन के एसएमडी स्कूल में पढ़ती हैं। रोज की तरह जितेंद्र शुक्रवार को भी दोनों बेटियों को लेने स्कूल गये थे। घर आते समय रकेहटी से पहले पड़ने वाले डिग्री कॉलेज के निकट सामने से आ रही स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक स्कार्पियो के अंदर जा घुसी और 20 मीटर से अधिक दूर तक घिसटती चली गई। सिपाही भी आ गए और स्कॉर्पियो में बाइक समेत फंसे जितेंद्र को बाहर निकाला। उनकी दोनों पुत्रियां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस तीनों को लेकर सीएचसी निघासन पहुंची, जहां डॉक्टर ने जितेंद्र चतुर्वेदी को मृत घोषित कर दिया। घायल दोनों बहनों के हादसे में पैर भी टूट गए हैं।

### बाबा ने मांगी दुआ, बेटियों की जिंदगी बख्श दें भगवान

**निघासन:** हादसा इस परिवार को कितना जख्म दे गया, इसका अंदाजा विलाप करते पिता से ज्यादा कौन समझ सकता होगा। जितेंद्र के पिता माता प्रसाद के हालात देखकर सब गमगीन हो गए। पत्नी बेसुध थी। जितेंद्र के पिता अपनी दोनो पोतियां वैष्णवी व मानसी की जिंदगी के लिए भगवान से भीख मांगते रहे। माता प्रसाद ने बताया कि काल बनकर आई स्कार्पियो ने बेटे को छीन लिया, बच्चियों की जिंदगी भगवान बख्श दें।

स्कॉर्पियो और बाइक को कब्जे में लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घायल दोनों बहनों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।
**– सुरेश कुमार मिश्रा**, प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन


डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD

Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



# कर्नाटक में वोटर की कसौटी पर है गारंटी

भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में दी गारंटी की डिलीवरी को गेम चेंजर मान रही है। राज्य के उत्तरी भाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली 14 सीटों पर सात मई को डाले जाएंगे वोट

### इन लोकसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- शिमोगा, दावणगिरी, उत्तर कन्नड, धारवाड़–हुबली, हावेरी, बेल्लारी, कोप्पल, बीदर, रायचूर, गुलबर्गा, बीजापुर, बागलकोट, बेलगाम और चिक्कोड़ी।

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** कर्नाटक के उत्तरी भाग की 14 लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान के साथ राज्य में चुनावी प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। लेकिन तमाम सवाल चुनाव के बाद भी मुद्दे बने रहेंगे। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली इन 14 सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में जबर्दस्त घमासान देखने को मिल रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि कर्नाटक का मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग पैटर्न पर मतदान करता आया है, इस बार शायद यह अकेला राज्य है, जहां मोदी की गारंटी और राज्य की कांग्रेस सरकार की गारंटी चुनाव की कसौटी पर कसी जा रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने ये सभी 14 सीटें जीती थीं। कर्नाटक के इस इलाके में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, जिसे और बड़ा कर दिया है, उसके अपने ही कुछ नेताओं ने बगावती तेवर दिखाकर। ऐसे में भाजपा अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाए है। पार्टी ने प्रचार अभियान में मोदी की गारंटी, विकसित भारत और हिंदुत्व पर लोगों का भरोसा जीतने के साथ हुबली का नेहा हत्याकांड, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसके मुकाबले सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लगभग एक साल बाद लोकसभा के इम्तिहान में अपनी पांच गारंटियां लागू करने का श्रेय लेते हुए हाल ही में हाथ लगे जेडीएस सांसद रेवन्ना के सेक्स वीडियो कांड पर भाजपा को घेरते हुए बढ़त लेने की कोशिश करती नजर आ रही है।

**2018**

के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था।



### 14 में छह सांसदों के टिकट काटने के बाद भी मुश्किल

- सात मई के मतदान वाली सीटों पर कांग्रेस के अभियान में ज्यादा आक्रामकता देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा से जीतने और सीटें छीनने की भूख दिखा रही है। पिछले चुनाव में 28 में सिर्फ एक सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार राज्य में 20 सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि कांग्रेस की रणनीति से सतर्क भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र की सीटों को लेकर पहले ही व्यूह रचना कर ली थी। इस इलाके के मौजूदा सांसदों के खिलाफ लोगों की नाराजगी का आकलन करने के साथ विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरणों को देखते हुए छह सीटों कोप्पल, बेलगाम, हावेरी, दावनगिरी, बेल्लारी और रायचूर में नए चेहरे मैदान में उतार दिए थे। लेकिन जिस तरह पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा बागी होकर मैदान में उतरे हैं, उससे संदेश अच्छा नहीं गया है। ईश्वरप्पा शिवमोगा सीट पर बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हावेरी सीट से बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज ईश्वरप्पा का कहना है कि उनकी लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा के परिवार के खिलाफ है। हालांकि भाजपा ने धारवाड़–हुबली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सामने मैदान में उतरे सिरेट्टी मठ के प्रमुख और लिंगायत समाज के बड़े धर्मगुरु दिंगालेश्वर स्वामी को समझा–बुझाकर चुनाव मैदान से हटा दिया है, लेकिन फांस तो रह ही गई है।


### कांग्रेस पर विधानसभा की तरह चुनाव लड़ने का आरोप

- विधानसभा में विपक्ष और भाजपा के नेता, वोक्कालिगा समुदाय में मजबूत पकड़ रखने वाले आर अशोक लगातार यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस लोकसभा के चुनावों को विधानसभा चुनाव के स्तर पर ले जा रही है। अपनी इस बात के सहारे वह कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसे मुद्दों से दूर भाग रही है। लोग केंद्र में स्थिर सरकार, नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त और लोकप्रिय नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, देश का विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा चुनावों को विधानसभा चुनाव जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा को 2019 जैसी सफलता दोहराने की उम्मीद

- 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि वह बहुमत से चूक गई थी। पार्टी का वोट शेयर 36% था। लेकिन अगले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% पहुंच गया था और पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था। इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से देखें तो कांग्रेस 21 लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था। वहीं भाजपा पांच लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा में नजदीकी मुकाबला जैसी स्थिति थी, जबकि जेडी (एस) केवल हासन लोकसभा सीट पर आगे रहा था।


**वोट शेयर - 2019**




**2019**

में हुए लोकसभा चुनावमें भाजपा ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था

हमें पूरा भरोसा है कि मोदी की गारंटी के मुकाबले राज्य में हमारी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।
**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस, शहरी क्षेत्र में भाजपा के लिए समर्थन

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक लोग बदलाव चाहते हैं, गरीबों की सरकार चाहते हैं और चाहते हैं कि बेरोजगारी तथा महंगाई कम हो। हम उन्हें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद को लेकर भले ही खींचतान रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अधिक एकजुट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व प्रभावी दिख रहा है। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उसकी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। गरीब परिवार की मुखिया महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपये का सीधा हस्तांतरण, राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली चुनावी नतीजों में फर्क डाल सकती है।
- एक विधि छात्रा जयश्री ने पिछले हफ्ते प्रचार के दौरान सिद्धारमैया को मुफ्त बस टिकटों से बनी माला भेंट की थी। उसने मुख्यमंत्री से कहा था कि कांग्रेस सरकार से बस में मुफ्त यात्रा मिलने से वह बिना किसी तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकती है।
- माहौल की बात करें, तो ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों की महिलाएं कांग्रेस का समर्थन करती नजर आ रही हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में भाजपा की ओर अधिक झुकाव साफ दिख रहा है।

# बिहार में आरजेडी से यादव भाजपा का राजपूतों पर दांव

चुनाव डेस्क

बिहार के चुनावी मैदान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जेडीयू, एलजेपी-आर, हम (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से भाजपा- 17, जदयू - 16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास)- 5, जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में 23 सीटें आरजेडी के हिस्से में आई हैं। कांग्रेस नौ सीटों पर मैदान में है। तीन सीटों पर वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और तीन पर ही सीपीआई-एमएल के अलावा एक-एक सीट पर सीपीआई-एम और सीपीआई के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। राज्य में सात चरणों में हो रहे चुनाव में आरजेडी का हर तीसरा प्रत्याशी यादव, भाजपा का हर तीन में से एक उम्मीदवार राजपूत तो कांग्रेस के एक तिहाई दावेदार अगड़ी जाति से हैं। भाजपा ने अपने कोटे की 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारा है। इसमें 5 राजपूत, दो भूमिहार, दो ब्राह्मण, एक कायस्थ शामिल है।

### आरजेडी और कांग्रेस ने दो-दो मुस्लिमों को दिया है इस बार मौका

- आरजेडी और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा दो–दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अररिया से शाहनवाज़ आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी उसकी तरफ से चुनावी मैदा में उतरे हैं। कांग्रेस ने अपनी नौ सीटों में किशनगंज सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार सीट से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर पर दांव लगाया है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उसकी सहयोगी जदयू ने एक मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने कुल मिलाकर 16 यादवों को जबकि 11 कोइरी को टिकट दिए हैं। हालांकि राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य में यादव आबादी करीब 14 प्रतिशत है जबकि कोइरी आबादी करीब 4.2 प्रतिशत है।

**महिलाओं को मौका देने में राजद और चिराग आगे:** महिलाओं को अवसर देने के मामले में आरजेडी सबसे आगे रही है। आरजेडी ने कुल 6 महिला उम्मीदवारों को इस बार लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें पाटलिपुत्र सीट से मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य तो लालू प्रसाद यादव की बेटियां हैं।

### बिहार में जातीय समीकरण

**अगड़ी जाति के प्रत्याशी**
13% इंडिया गठबंधन | 34% एनडीए

**ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी**
50% इंडिया गठबंधन | 30% एनडीए

**अति पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी**
13% इंडिया गठबंधन | 17% एनडीए

**अनुसूचित जाति प्रत्याशी**
16% इंडिया गठबंधन | 16% एनडीए

**मुस्लिम प्रत्याशी**
10% इंडिया गठबंधन
03% एनडीए

# भाजपा के साथ असली–नकली एनसीपी की परीक्षा

**बारामती है हॉट सीट**

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान हो रहा है। विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की तीन सीटों के लिए 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को वोट पड़ेंगे। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र की सात, कोंकण और मराठवाड़ा की दो-दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा।

### महाराष्ट्र में तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को मतदान

तीसरे चरण में बारामती, हातकणंगले, कोल्हापुर, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, सांगली, सतारा, माधा और सोलापुर सीट पर मतदान होना है। इन 11 सीटों में भाजपा छह सीटों पर मैदान में है। अजित पवार की नेतृत्व वाली एनसीपी के उम्मीदवार तीन सीटों पर हैं, जबकि दो सीटों पर एकनाथ नाथ शिंदे की शिवसेना किस्मत आजमा रही है। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के तीन सीटों पर प्रत्याशी हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी चार-चार सीटों पर मैदान में उतरी है। शरद पवार और अजित पवार खेमे के बीच आमने-सामने की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर है। बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। बारामती शरद पवार का गढ़ माना जाता है। सुप्रिया तीन बार से यहां से सांसद हैं। लेकिन भाजपा ने खुद मैदान में उतरने के बजाय अजित पवार की पत्नी को आगे कर दिया है। अजित पवार के लिए यह सीट जीतना आसान नहीं नजर आ रहा है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इसलिए है कि सबसे ज्यादा छह सीटों पर उसी के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के लिए माढ़ा और सोलापुर में दल-बदल और विपक्ष की स्थिति से मुकाबला कठिन बन गया है. माढ़ा में भाजपा के मौजूदा सांसद रंजीत सिंह नाइक का मुकाबला शरद पवार की एनसीपी के धैर्यशील मोहिते पाटिल से है। मोहिते पाटिल भाजपा के साथ थे, लेकिन अब एनसीपी पवार में शामिल हो गए हैं।

लातूर सीट पर भाजपा के सुधाकर श्रृंगारे का मुकाबला कांग्रेस के शिवाजीराव कालगे से है। लातूर कांग्रेस का गढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल सात बार सांसद रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से भाजपा जीत रही है। भाजपा ने शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल को अपने खेमे में शामिल करके कांग्रेस को झटका दिया है।

हातकणंगले सीट पर शिंदे गुट की शिवसेना से धैर्यशील माने और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सत्यजीत पाटिल हैं, लेकिन स्वाभिमानी पक्ष से राजू शेट्टी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। सांगली में उद्धव की शिवसेना से चंद्रहार पाटिल मैदान और शिवसेना (शिंदे) के सांसद संजय मांडलिक आमने-सामने हैं। यहां कांग्रेस नेता विशाल पाटिल बगावत कर निर्दलीय उतर गए हैं, इससे त्रिकोणीय संघर्ष के आसार है।

### अजित पवार का एक सांसद है लेकिन चार पर लड़ रहे चुनाव

- **शिंदे के पास 13 सांसद, 15 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच हुए सीट समझौते के मुताबिक भाजपा राज्य की 48 में 28, शिवसेना शिंदे 15 और एनसीपी (अजित) चार सीटों के साथ आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले महाविकास अघाडी से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों पर और एनसीपी (शरद पवार) 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महायुति में हुए सीटों के इस बंटवारे में सबसे ज्यादा फायदे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी रही है। पार्टी का वर्तमान में एक सांसद रायगढ़ से है, लेकिन चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद सुनील तटकरे मैदान में हैं, जबकि शिरूर में शिवसेना शिंदे और धाराशिव में भाजपा नेता को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 13 सांसद हैं। पार्टी ने विगत दिवस कल्याण, ठाणे और नासिक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच ठाणे और नासिक सीट पर पेच फंसा था। भाजपा ठाणे सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी और नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे को फिर से प्रत्याशी बनाने का विरोध कर रही थी। ठाणे में शिवसेना शिंदे ने पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है। उनके बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति के तीनों दलों ने परभणी सीट पर आरएसपी का समर्थन किया था, वहां दूसरे चरण में वोट पड़ चुके हैं। शिवसेना ने 2019 में 22 सीटों पर चुनाव लड़कर 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना में बंटवारे के बाद 13 सांसद शिंदे के साथ चले गए थे और पांच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ थे।

### मुंबई में दोनों शिवसेना आमने-सामने

मुंबई में 20 मई को मतदान होना है। यहां महा विकास अघाड़ी में हुए सीट बंटवारे के मुताबिक कांग्रेस मुंबई में दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुंबई नार्थ सीट पर कांग्रेस के भूषण पाटिल भाजपा के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मुकाबला करेंगे। नॉर्थ सेंट्रल से कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है जिनका मुकाबला भाजपा के उज्ज्वल निकम से होगा। नॉर्थ वेस्ट सीट पर शिवसेना उद्धव के अमोल कीर्तिकर और शिवसेना शिंदे के रवींद्र वायकर के बीच मुकाबला है। साउथ मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने अरविंद सावंत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला शिंदे गुट की शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। साउथ सेंट्रल से शिवसेना उद्धव ठाकरे के अनिल देसाई का सामना शिवसेना शिंदे के राहुल शेवाले से है। नॉर्थ ईस्ट सीट पर संजय डी पाटिल शिवसेना उद्धव के उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा से मिहिर कोटेचा चुनाव लड़ रहे हैं।



**2019**

लोकसभा चुनाव में शिवसेना व एनसीपी अविभाजित थीं, इससे अब उनके वोट शेयर का अनुमान नहीं लग सकता। शिवसेना के 23 एनसीपी के 15 फीसदी वोट थे।

### पिछली बार कुछ ऐसा था सीन

| राजनीतिक दल | चुनाव लड़ा | जीती सीटें | मत % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 23 | 27.84 |
| शिवसेना | 23 | 18 | 23.5 |
| एनसीपी | 19 | 04 | 15.66 |
| कांग्रेस | 25 | 01 | 16.41 |
| एआईएमआईएम | 01 | 01 | 0.73 |
| वंचित बहुजन आघाडी | 47 | 00 | 6.92 |



**माटी-मानुष**
बर्धमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी सबा के दौरान महिलाओं के साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य करके जीत का संदेश दिया।




**शहीद को नमन**
सिंहभूम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कोल विद्रोह के नायक शहीद का चित्र भेंट किया।

# आंवला की महाभारत में इस बार कड़ा घमासान

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पांचाल देश की राजधानी व महाभारत युगीन इतिहास को समेटे आंवला की सियासत का रण भी इस बार काफी रोमांचक है। चुनावी पिच पर जीत का ख्वाब लेकर उतरने वाले सियासी सूरमाओं की राह आसान नहीं है, इस बात से सभी दल वाकिफ हैं। अब जोर आजमाइश में कोई किसी से कम नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दावों और वादों के पिटारे के सहारे किस दल का प्रत्याशी मतदाताओं के दिल में जगह बना पाता है, या वोटों के ध्रुवीकरण से ही जीत का रास्ता तय होगा। फिलहाल बढ़ती जा रही गर्मी और करीब आ रही मतदान की तारीख ने आंवला की सियासत का तापमान और बढ़ा दिया है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र की सियासत भी बरेली सीट जैसी ही है, बस यहां समीकरण कुछ बदले हैं। भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को साइकिल दौड़ाने के लिए मैदान में उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। वैसे तो आंवला के रण में नौ पहलवान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश नहीं करेगा। अब यह बात दीगर है कि आबिद अली मुस्लिम मतदाताओं के कितना रहनुमा बन पाते हैं या फिर मुस्लिम, यादव और मौर्य वोटों के सहारे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य कुछ करिश्मा कर दिखाएंगे। भाजपा यहां लगातार चौथी बार जीत के लिए प्रयास कर रही है।


धर्मेंद्र कश्यप।


नीरज मौर्या।


आबिद अली।

- दो बार से जीत रहे भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप के सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती
- मुस्लिम, यादव और मौर्य मतों के ध्रुवीकरण से सपा को दिखा रहा जीत का समीकरण
- बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किल बढ़ाई, भाजपा को मिली राहत की सांस

### इस बार बदल गए हैं चुनावी समीकरण

- 2019 के लोकसभा चुनाव में आंवला सीट से भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी। बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह 62548 वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे, लेकिन इस बार गठबंधन में सीट सपा के पास है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है, जबकि कांग्रेस के सर्वराज सिंह गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में हैं। सर्वराज सिंह का क्षेत्र में रसूख बताया जाता है। 2014 के चुनाव में धर्मेन्द्र कश्यप को 409907 वोट मिले थे। उन्होंने कुंवर सर्वराज सिंह को 138429 वोटों से हराया था।

### भाजपा ने नाराजगी को किया दूर!

- सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनके लिए इस बार अपना ही प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इसकी एक वजह चुनावी रण सजने के बाद उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी है। हालांकि, भाजपा के बड़े नेता लगातार लोगों की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।
- पिछले दिनों लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को मंच पर लाना ब्राह्मणों की नाराजगी को कम करने की दिशा में ही प्रयास थी। इसके साथ ही आंवला लोकसभा क्षेत्र में चार दिन के अंदर मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदपुर की सभा में भी सपा-बसपा पर जमकर बरस गए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा कराकर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को पाले में करने की कोशिश हो चुकी है।

### मतदाताओं का जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| मुस्लिम | 3.75 लाख |
| क्षत्रिय | 2.30 लाख |
| जाटव | 2.80 लाख |
| ब्राह्मण | 1.30 लाख |
| यादव | 1.80लाख |
| कश्यप | 1.45 लाख |
| शाक्य/मुराव | 1.65 लाख |
| वैश्य | 82 हजार |
| कायस्थ | 15 हजार |
| कुर्मी | 35 हजार |
| गड़रिया | 35 हजार |
| लोध | 37 हजार |
| वाल्मीकि | 50 हजार |
| अन्य मतदाता | 18 हजार |

### 2019 का वोट शेयर

51.07 % भाजपा
40.27 % बसपा
5.94 % कांग्रेस

### 2014 का जनादेश

41.16 % भाजपा
27.26 % बसपा
9.43 % कांग्रेस

### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| आंवला | 320911 |
| बिथरी चैनपुर | 406141 |
| फरीदपुर | 338074 |
| दातागंज | 414000 |
| शेखूपुर | 402273 |
| कुल मतदाता | 18,81,399 |


आंवला लोकसभा सीट

### कांग्रेस-सपा और भाजपा के खाते में रही है सीट

- आंवला लोकसभा सीट पहले कांग्रेस फिर भाजपा-सपा के पाले में रही है। कांग्रेस से सावित्री श्याम 1967, 1971 में सांसद चुनी गईं। 1984 में कल्याण सिंह सोलंकी सांसद बने। स्व. ब्रजराज सिंह उर्फ आछूबाबू ने 1962 में जनसंघ और 1977 में बीएलडी (भारतीय लोक दल) से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। 1980 में स्व. जयपाल सिंह कश्यप जनता पार्टी से सांसद बने। इसके बाद यह सीट भाजपा और सपा के बीच में आती-जाती रही। वर्ष 1996, 1999 में सपा के टिकट से कुंवर सर्वराज सिंह सांसद चुने गए। 2004 में भी उन्होंने भाजपा-जदयू गठबंधन से यह सीट जीती। वहीं, भाजपा के राजवीर सिंह 1989, 1991, 1998 में सांसद बने। 2009 में मेनका गांधी संसद पहुंची। 2014 के चुनाव में धर्मेंद्र कश्यप सांसद बने। आंवला संसदीय क्षेत्र में आंवला, बिथरीचैनपुर, फरीदपुर, बदायूं की दातागंज और शेखूपुर विधानसभाएं आती हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

**2019**
लोकसभा चुनाव में भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी।

**02**
नंबर पर बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर रही थीं पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में



### नतीजे बताएंगे छुट्टा पशुओं की समस्या

आंवला क्षेत्र की बड़ी आबादी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। लोगों की सबसे बड़ी समस्या बेसहारा पशु हैं। यह मुद्दा उनके लिए बड़ा है। पिछले कई सालों से इस समस्या से किसान जूझ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी चुनावी मौसम में यह मुद्दा कहीं गुम सा है। विपक्ष भी इस मुद्दे को उछाल नहीं पा रहा है।

## फतेहपुर में फंसी सपा की प्रतिष्ठा

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी ने फतेहपुर सीट पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को मैदान में उतारा है। जबकि भाजपा से केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और बसपा से डॉ. मनीष सचान मैदान में हैं। सपा की प्रतिष्ठा इस सीट पर इसलिए भी फंसी है क्योंकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खुद ही मैदान में हैं। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक जल्द ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट पर जनसभा करेंगे। ताकि नरेश उत्तम की जीत सुनिश्चित हो सके।

भाजपा भी यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की कोशिश कर रही है। उम्मीद है कि कार्यक्रम की तिथि जल्द ही मिल जाएगी। बसपा मुखिया मायावती और राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी यहां सभा करेंगे।



**उपलब्धि गिनाई** अहमदाबाद में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर तीर चलाए। आतंकवाद और पाकिस्तान के मुद्दे पर पार्टी को घेरा।

### अखिलेश के गढ़ में कल जनसभा करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को इटावा के ढकपुरा नगरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। इटावा सीट से भाजपा से रामशंकर कठेरिया मैदान में हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। उनके सामने बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल मैदान में हैं तो सपा से जितेंद्र दोहरे। प्रधानमंत्री की रैली उस जगह हो रही है जहां आसानी से मैनपुरी और कन्नौज सीट के कार्यकर्ता भी आ सकेंगे। भाजपा की कोशिश है कि प्रधानमंत्री इस रैली से कन्नौज, मैनपुरी और इटावा संसदीय सीट के मतदाताओं को साध लें। कन्नौज में तो भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के सामने सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं। इसी तरह मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और भाजपा से प्रदेश सरकार में मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह मैदान में हैं। भाजपा इन तीनों सीटों को हर हाल में जीतना चाहती है।

## मुश्किल में भाजपा तो शिवपाल भी फंसे दिख रहे

**बेटे के लिए लगा रहे जोर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** बदायूं संसदीय सीट भाजपा और सपा के प्रत्याशियों के साथ दोनों दलों के प्रमुख नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री तक यहां आकर जनसभा कर चुके हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी अपने प्रत्याशी मुस्लिम खान के लिए माहौल बनाने आ चुकी हैं। सपा नेता शिवपाल सिंह तो अपने बेटे आदित्य यादव को जिताने के लिए डेरा डाले हैं, तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी जोश भर गए हैं। दोनों ओर से एक से एक पैने चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं।



- भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय के लिए मोदी, योगी, राजनाथ और अमित शाह कर चुके हैं जनसभा
- बेटे आदित्य को जिताने में शिवपाल लगाए हैं पूरा जोर, अखिलेश भी बना गए माहौल
- बसपा के मुस्लिम खान का माहौल बनाने के लिए आ चुकी हैं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती

समाजवादी पार्टी के लिए बदायूं संसदीय सीट पारिवारिक सीट रही है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव दो बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा सीट के सहसवान और गुन्नौर विधानसभा सीट से सपा मुखिया मुलायम यादव जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2019 में भाजपा की डॉ. संघमित्रा मौर्य ने धर्मेंद्र यादव को हराकर सीट सपा से छीन ली थी। 2024 में इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए समाजवादी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। सपा ने दिग्गज नेता शिवपाल सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन कुछ दिनों बाद शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बेटे को जिताने के लिए शिवपाल मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने जनसभा में भाजपा पर महंगाई को लेकर जमकर तीरे छोड़े। उधर, भाजपा इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। भाजपा की ओर से अब तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो चुनावी सभाएं कर चुके हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह की भी रैली हो चुकी है। बरेली के देवचरा में प्रधानमंत्री मोदी ने रैली कर बदायूं का चुनावी माहौल साधने का प्रयास किया था। इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। दो बार पार्टी के प्रत्याशी यहां दूसरे नंबर पर रह चुके हैं। इसके साथ ही बसपा अध्यक्ष मायावती भी बिल्सी से चुनाव जीत कर मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। उन्होंने भी अपने परंपरागत वोट और मुस्लिम मतदाताओं के दम पर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। मायावती इस्लामनगर में चुनावी रैली कर चुकी हैं।

स्थिति ऐसी बन चुकी है कि उम्मीदवार चुनावी मैदान में सपा-भाजपा के दिग्गज नेता ज्यादा जोर लगाए हैं। गुरुवार को चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह सपा और कांग्रेस को परिवारवाद से जुड़ी और आतंकवाद तथा गुंडागर्दी को बढ़ावा देने वाली पार्टी बता चुके हैं। इसके जवाब में अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधने के साथ ही सरकार बनने पर कर्जमाफी, मुफ्त डाटा, स्टेडियम , नौकरियों का लॉलीपॉप दिया था। मायावती भी अपनी सबा में सपा और भाजपा पर सियासी तीर चलाने में पीछे नहीं रही थीं।

**नारी सशक्तिकरण** 17 लोकसभा चुनावों में कूद चुके 203 प्रत्याशी, सभी राजनीतिक दलों ने की उपेक्षा

## ...अब तक तो नहीं मिली आधी आबादी को तरजीह

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** हमीरपुर सीट पर वर्ष 1952 से अब तक 203 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कूद चुके हैं, लेकिन महिलाओं को किसी भी राजनीतिक दल ने तवज्जो नहीं दी है। हालांकि इन प्रत्याशियों में पांच महिलाएं निर्दलीय रूप से चुनावी मैदान में कूदीं और वह राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के आगे इन्हें कुछ ही वोट पाकर संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में भी आधी आबादी को तरजीह नहीं मिली है। पिछले सितंबर 2023 में जब संसद में जब नारी शक्ति वंदन आरक्षण पास हुआ तो लगा कि अन्य दल न सही लेकिन भाजपा किसी महिला प्रत्याशी को उतार कर इस पर अमल कर सकती है।

- **चार चुनावों में पांच महिलाएं निर्दलीय उतर लगा चुकीं दांव**
- **आजादी के बाद से पुरुषों के ही हाथ में रहा है संसदीय क्षेत्र**



देखा जाए तो आजादी के बाद से यह संसदीय क्षेत्र पुरुषों के ही हाथ में रहा है। शुरुआती चुनावों पर गौर करें तो पहली बार हुए 1952 के चुनावों में यहां से पांच प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वहीं 1957 में चार, 1962 में पांच, 1967 में तीन, 1971 में छह व 1977 में चार प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया। इधर 1980 के चुनावों के बाद जितने भी चुनाव हुए सभी में 10 से अधिक प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वर्ष 1996 में सर्वाधिक 41 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरने के साथ मतदाताओं से वोट मांगे। इधर पिछले लोकसभा चुनावों में गौर करें तो कुल पांच महिलाएं चुनाव में उतर चुकी हैं। इनमें चार निर्दलीय तो एक लोकदल से मैदान में कूदी थीं। सबसे पहले वर्ष 1980 में हुए चुनाव में संसदीय क्षेत्र में कुल 622309 मतदाताओं में 325172 में वोट डाले। तब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ीं ताहिरा खान को मात्र 3223 मत ही मिल सके। जो कुल पड़े मतों का 0.99 फीसदी रहा। वहीं वर्ष 1984 में मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी पार्वती 5389 मत ही पा सकीं। जो कुल मतों का 1.42 फीसदी था। इसके बाद 2004 तक चुनाव मैदान में महिला प्रत्याशियों की संख्या शून्य रही।

वर्ष 2009 में लोकदल से मैदान में कूदीं क्रांति को मात्र 1.2 फीसदी कुल 1854 मत प्राप्त हुए। वर्ष 2014 में निर्दलीय के रूप में विमलेश यादव और किरन चुनाव में उतरीं। इसमें विमलेश को 23137 मत मिले। जबकि किरन को मात्र 4079 मत प्राप्त हो सके।

### अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ पाने से नाराज हो उतरी थीं विमलेश

- राठ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के बीच अच्छी खासी दखल रखने वाले भूपेंद्र यादव को कई बार चुनावों में विभिन्न दलों के नेताओं ने वोट दिलाने के नाम पर उनका उपयोग किया। समाजवादी पार्टी में रहते हुए भी इस दल के नेता इनसे दूरी बनाते रहे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो वर्ष 2012 से 2017 तक प्रदेश में सपा सरकार रही। उसी दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव हुए। तब जलालपुर जिला पंचायत सदस्य की सीट भूपेंद्र यादव की पत्नी जीतीं। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद में इन्हें दूर रखा गया। सपा से नाखुश भूपेंद्र ने पत्नी विमलेश को लोकसभा चुनाव लड़ा कर इसका बदला लिया।


**भीड़ का उत्साह** फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड शो में जमकर भीड़ उमड़ी।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है - धन, जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।


## संपादकीय

# प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए

प्रौद्योगिकी की मदद से जीवन को आसान और बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी के बिना कोई विकास नहीं हो सकता। विश्व प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए एक अभूतपूर्व दौड़ का साक्षी बन रहा है। शुरुआत से ही प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में एक कारक था। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं उनके भविष्य को आकार देने में उन्नत प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को चिह्नित कर रही हैं। अपनी समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं के साथ भारत स्वयं को एक ऐसे चौराहे पर देख रहा है, जहां उसे इस वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त क्षमता रखता है और हमें अपनी इस क्षमता को स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगाना है। चीन ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार को रणनीतिक उद्देश्य के रूप में प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप ने भी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति की पुनः प्राप्ति के लिए और इसे बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज कर दिया है। भारत अमेरिका और चीन के बाद विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। एक बढ़ती उद्यमशील संस्कृति और सहायक परितंत्र के साथ भारत के स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों से न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद की जाती है, बल्कि भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उन्होंने अपनी स्थिति और भूमिका को भी सबल किया है। स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से लड़ने में अनुकूलन एवं रोकथाम जैसे प्रयास नाकाफी हैं।

उल्लेखनीय है कि सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) द्वारा ही विजन-2020 और विजन-2035 जैसे दृष्टिपत्र तैयार किए गए हैं जिसमें देश के समग्र एवं संवहनीय विकास पर केंद्रित रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। टाइफैक प्रौद्योगिकी विजन-2047 दस्तावेज में प्रभावी कार्ययोजना को शामिल करना चाहिए। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 10 प्रतिशत की वृहत हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। भारत को उभरते प्रौद्योगिकी रुझानों और बाजार की मांगों के अनुरूप सहयोगात्मक रूप से अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करने के लिए उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सरकार के बीच 'टेक्नोक्लिकल्स एलायंस' को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत के वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति में सुधार आवश्यक है। भारत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में स्थापित करना भारत का लक्ष्य है जिसके लिए स्वयं को समर्पित करने के साथ-साथ एक विस्तृत रूपरेखा की आवश्यकता है।

# अमेठी से गांधी परिवार के रिश्तों पर विराम



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे।

इंदिरा जी की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का अंदाज जुदा है। वे 1977 में रायबरेली से हारी थीं। 1980 में एक बार फिर वहां के रण में थीं। जीतकर हिसाब चुकता किया। संजय गांधी जिन्होंने अमेठी में गांधी परिवार के रिश्तों की बुनियाद डाली, वे वहां 1977 का पहला चुनाव हार गए थे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वापसी की। राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सके। अमेठी ने उन पर लगातार तीन बार भरोसा जताया, लेकिन 2019 की हार से वे उबर नहीं सके। एक बार फिर से वहां मुकाबले की जगह उन्होंने रायबरेली को तरजीह दी। इसी के साथ अमेठी से गांधी परिवार के लगभग पांच दशकों के चुनावी जुड़ाव पर फिलहाल विराम लग गया है। राजीव गांधी के निधन के बाद उनके पारिवारिक मित्र कैप्टन सतीश शर्मा ने अमेठी का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन तब सोनिया गांधी राजनीति से दूर थीं। राहुल और प्रियंका भी छोटे थे।

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरा राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे। राहुल गांधी ने 2019 में ही अमेठी के साथ वायनाड से पर्चा दाखिल करके विकल्प खोज लिया था। मीडिया और पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के शोर और अटकलबाजी को दरकिनार करते हुए, उन्होंने चुनावी नजरिए से अमेठी की जमीनी सच्चाइयों को तरजीह दी। अपनी उम्मीदवारी के जरिए उन पर उत्तर प्रदेश में पार्टी का हौसला बढ़ाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने अमेठी में स्मृति की कठिन चुनौती के मुकाबले रायबरेली में भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का सामना करना आसान समझा।

राहुल ने अमेठी छोड़ने का फैसला क्यों किया? तय था कि एक बार फिर अमेठी के चुनावी मैदान में उतरने पर 2019 की हार के बाद क्षेत्र को भूल जाने के लिए उनकी घेराबंदी होती। इस मुद्दे पर सिर्फ प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ही नहीं, बल्कि तमाम मुखर वोटरों के सवाल भी उन्हें परेशान करते, लेकिन इससे भी एक बड़ा सवाल दोनों स्थानों से जीतने की हालत में यह भरोसा दिलाने का होता कि वे वायनाड छोड़ेंगे और अमेठी में टिकेंगे? हालांकि इस सवाल से उन्हें रायबरेली में भी रूबरू होना पड़ेगा, लेकिन इस मुद्दे पर अमेठी में स्मृति ईरानी के हमले कहीं अधिक पैने और तेज होते। रायबरेली में भी चुनावी इतिहास के पुराने पन्ने पलटे जाएंगे। 1977 में वहां इंदिरा जी पराजित हुई थीं। 1980 में रायबरेली से जीत दर्ज करके उन्होंने हिसाब बराबर कर लिया था, लेकिन इस चुनाव में वे मेडक (आंध्र प्रदेश) से भी निर्वाचित हुई थीं। तब इंदिरा जी ने रायबरेली की सीट छोड़ी थी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल. शर्मा का नाम घोषित किया।

अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी के सवाल पर सबसे ज्यादा उत्सुकता मीडिया में थी। राहुल की उम्मीदवारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्टी के नेताओं को "अमेठी की जनता मांगे राहुल गांधी" के तौर पर काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया। असलियत में अमेठी चुनावी माहौल में भी आम दिनों जैसी ही है। समर्थक भले न मानें, लेकिन सच यही है कि अमेठी, गांधी परिवार के मोहपाश से काफी कुछ दूर हो चुकी है। उसे सिर्फ पहचान दिलाने वाले की ही नहीं, सुलभ रहने, काम कराने और उसकी जरूरतों के लिए लड़ने वाले प्रतिनिधि की तलाश रहती है। राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। 2019 में अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया। हार के बाद राहुल ने अमेठी से दूरी बनाई तो वोटरों ने बाद के विधानसभा सहित हर अगले चुनाव में कांग्रेस को भुला दिया।

अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के पहले राहुल और प्रियंका की उम्मीदवारी के लिए सबसे ज्यादा जोर इस आधार पर था कि इससे उत्तर प्रदेश में पार्टी की ताकत बढ़ेगी और अन्य उम्मीदवारों का हौसला बढ़ेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा तो चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुईं। राहुल रायबरेली से मैदान में हैं। उनकी वहां मौजूदगी क्या प्रदेश के अन्य स्थानों पर पार्टी के लिए मददगार होगी? असलियत में इसकी सबसे बड़ी परीक्षा बाजू की अमेठी सीट पर होगी जहां का उन्होंने 2004 से 2014 तक तीन बार लगातार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उससे पहले एक बार वहां से सोनिया गांधी और उपचुनाव सहित चार चुनावों में राजीव गांधी और एक बार संजय गांधी जीते। अमेठी की लोकसभा सीट लंबे समय तक गांधी परिवार का पर्याय रही है। बेशक इस बार राहुल गांधी या परिवार का कोई सदस्य वहां से उम्मीदवार नहीं है, लेकिन रायबरेली में राहुल की मौजूदगी की गूंज अमेठी में बनी रहेगी और अमेठी के नतीजों से राहुल की अपने उम्मीदवार को वोट दिलाने की कूवत की एक बार फिर पैमाईश होगी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल.शर्मा का नाम घोषित किया। बेहद कम समय के बीच शर्मा को उस ताकतवर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है,जो पिछले एक दशक से अमेठी में लगातार सक्रिय है और जिन्होंने वहां अपना घर भी बना लिया है। अमेठी से राहुल या प्रियंका के नामों का टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर लगातार शोर चला। जाहिर है कि अब अमेठी से दोनों में से किसी के उम्मीदवार न होने के कारण स्मृति खेमे को उन्हें घेरने का एक और मौका मिल गया है। अमेठी संसदीय सीट का एक विधानसभा क्षेत्र सलोन ,रायबरेली जिले का हिस्सा है। दोनों लोकसभा सीटों के हालात एक-दूसरे पर असर छोड़ते हैं। स्मृति ईरानी इन दोनों ही सीटों पर काफी सक्रिय रही हैं। दूसरी तरफ रायबरेली में भी राहुल के पास कम वक्त है। उन्हें रायबरेली के साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में भी पार्टी के लिए प्रचार करना है। भाजपा की रणनीति रहेगी कि वो अमेठी-रायबरेली के मतदान की तारीख तक राहुल-प्रियंका को इन इलाकों में ज्यादा से ज्यादा वक्त देने के लिए मजबूर करे।

राहुल गांधी 2019 के बाद से अमेठी से दूरी बनाए हुए हैं। 2024 में वहां से परिवार का कोई सदस्य उम्मीदवार नहीं है। हालांकि अमेठी को यह परिवार अपना घर-परिवार बताता रहा है। तब जब गांधी परिवार उस घर-परिवार से दूर हो रहा है,उस वक्त इन रिश्तों की शुरुआत को याद किया जा सकता है। रायबरेली से फिरोज गांधी के दौर से गांधी परिवार का जुड़ाव रहा है। इमरजेंसी के समय इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद थीं। छोटे पुत्र संजय गांधी की संसदीय पारी की शुरुआत के लिए रायबरेली से सटी अमेठी सीट को काफी सुरक्षित समझा गया। 1976 में संजय गांधी ने खेरौना (अमेठी) में युवक कांग्रेस का एक माह का श्रमदान शिविर लगाया। अमेठी की मिट्टी से गांधी परिवार का जुड़ाव इस शिविर के जरिए हुआ। हालांकि 1977 के चुनाव में अमेठी ने संजय गांधी को निराश किया। फिर राजीव गांधी,सोनिया गांधी और राहुल गांधी यहां का प्रतिनिधित्व करते रहे। संजय गांधी 1977 में अमेठी से हारे,लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वहां वापसी दर्ज की।

राहुल गांधी अमेठी से लगातार तीन जीत के बाद 2019 में हारे,लेकिन 2024 में वहां से हिसाब बराबर करने के लिए आगे नहीं आ सके। राहुल के इस फैसले को जयराम रमेश रणनीति बता रहे हैं। प्रधानमंत्री बिना नाम लिए तंज कर रहे हैं "डरो मत कहने वालों को मैं कहता हूं भागो मत!"

## प्रसंगवश

# यादों में अतुल अंजान



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

कामरेड अतुल अंजान का पूरा जीवन ही सार्वजनिक था जिसमें निजी जैसा कुछ भी नहीं था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति,संविधान,जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश-दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति के वे बड़े चेहरे थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे।

दिल्ली स्थित मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह,सामयिक मुद्दों पर कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अंजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अंजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र/नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। अतुल अंजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई।

कामरेड अतुल अंजान की हजरतगंज काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी जिसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दी है। यह शून्यता लंबे समय तक बनी रहेगी जिसकी भरपाई मुश्किल है।

# शक्ति का सिद्धांत ही नैसर्गिक सिद्धांत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि शक्ति का सिद्धांत नैसर्गिक सिद्धांत है- नाभिषेको न संस्कारो सिंहस्य क्रियते वने,विक्रमार्जित राज्यस्य स्वयमेव मृगेन्द्रता। जंगल के शेर को किसी ने वोट तो दिए नहीं थे। किसी ने उसका राजतिलक भी नहीं किया था। अपने ही पराक्रम के कारण वह जंगल का राजा कहलाता है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी एक दिन कहा था - ' योग्यजन जीता है,पश्चिम की उक्ति नहीं,गीता है,गीता है।' डार्विन का 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' सिद्धांत भी इसी सत्य का प्रतिपादन है।

आधुनिकता और कथित वैज्ञानिकता का चश्मा उतारकर देखिए-आज समस्त संसार में विश्व बाजार के माध्यम से शक्ति का नैसर्गिक सिद्धांत अपना काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में पांच देशों को वीटो-पावर (विशेषाधिकार) मिली है तो उसके पीछे यही सिद्धांत है। तकनीक नई है,किंतु शक्ति की होड़ आदिम ही है। यही कारण है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध आज भी हो रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीकरण की प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है जिसकी लाठी उसकी भैंस। संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध और सशक्त देश की संस्कृति का वर्चस्व स्थापित होगा,यही प्राकृतिक न्याय है। यह सच है कि बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।

यह कोई नई बात नहीं है,मानव इतिहास में ऐसा पहले भी होता ही रहा है,लेकिन तब तक जब तक कि समष्टि चेतना सोई रहती है और व्यष्टि स्वार्थ संगठित हो जाता है। संगठित व्यष्टि स्वार्थ मिथ्या सिद्धांतों के स्टैचू लगाता है और समष्टि चेतना को विच्छिन्न करता है। कहीं जाति की बात करता है तो कहीं मजहब की बात करता है,कहीं कहता है कि जनता तो बुद्धू होती है। वर्ण,वर्ग, जाति,मजहब के आधार पर लोक को विभाजित करने वाले विचार सत्ता में छा जाते हैं। समाज के खंडन और विघटन का समर्थन करने वाले तर्क उभरते हैं, तर्क विचार नहीं होता,विचार का विभ्रम होता है,वह हमें प्रकाश नहीं,अंधेरे में भटका देता है।

पुरानी और बूढ़ी विचारधाराओं की पोथियां जहां हैं,वहीं तक रहेंगी। वे अपने आप खुद ही नहीं सरक सकतीं तो वे मनुष्य को आगे कैसे ले जा सकती हैं? समष्टि के सिद्धांत की पुष्टि के लिए,समष्टिजन के लिए,लोकजीवन में उतरना ही होगा,अब दूसरा कोई रास्ता बचा ही नहीं है। मनुष्य मात्र की एकता। आज मनुष्यता रुग्ण है, हर प्रकार के विभेदक विचार से परहेज करना ही होगा। भाषा और परंपराएं किसी भी जाति की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान होती हैं। वे उस समूह में एकता लाती हैं,उन्हें संगठित करती हैं। इसीलिए हर आक्रांता समूह,आक्रांत देश की भाषाओं और विजित जाति की संस्कृति को हतोत्साह करता है। आज वही कार्य पैसे की अकूत शक्ति कर रही है। उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था,तब मंदिर तोड़े गए थे,मूर्तियां तोड़ी गई थीं,जजिया कर लगाया गया था,किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी थी।

आज जब पश्चिम की बयार बह रही है,भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है,जीवन-पद्धति भी और जीवन-दर्शन भी। भाषा भी,कला भी,संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता-मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी अपनी चिंता। भूमंडलीकरण अकेला करके मारता है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं।

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है। वे भटके हुए बुद्धिजीवी अध्यात्म को ही पिछड़ापन समझ लेते हैं,जबकि मनुष्य मात्र की एकता के चिंतन के अतिरिक्त अध्यात्म और क्या है? गांधी का चिंतन समग्रता का चिंतन था। एकता का चिंतन तो अध्यात्म का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वस्तुतः समग्रता का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वैश्विकता का चिंतन है जिसमें केवल मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी और सभी प्राणी होते हैं, विराट प्रकृति होती है।

## सोशल फोरम

# सत्य से की जाती है धर्म की रक्षा



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के संबंध में आम धारणा है कि यह सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। यह सफल तभी हो सकती है जब लोग शिक्षित हों और वे प्रवृत्ति से भी लोकतांत्रिक व्यवहार के पक्षधर हों। यह देखकर निराशा होती है कि घरों में अधिक परिश्रम, त्याग और सूझबूझ से योगदान देने वाली पत्नियों से भी हम अपेक्षा करते हैं कि वे पुरुष की तानाशाही एकाधिकार पर चूं तक न करें।

बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई में उनकी पिटाई को महिमामंडित करने वाले समाज हैं हम। पूरी कार्य संस्कृति में ऊपरी पायदान पर बैठा व्यक्ति पूरी ढिठाई से निचले पायदान पर बैठे लोगों से साधिकार यह अपेक्षा करता है कि उसकी सही गलत सभी इच्छाओं को वे बिना बुद्धि का प्रयोग किए और आस्था के साथ कार्यान्वित करें। यदि किसी ने भूले भटके कहीं अपनी असहमति भी व्यक्त कर दी तो उसके लिए अधीनता में कठोर दंड की व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में हम लोकतंत्र के नाम पर राजशाही और सामंतवादी व्यवस्था चलाने के विरोधाभास को ढोने के लिए अभिशप्त हैं। राजनीति ने खुद को सत्ता पाने का माध्यम बना लिया है। जितने तिकड़म हो सकते हैं चुनाव जीतने के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां दबी कुचली आबादी को मुख्य धारा में लाने के नाम पर राजनीतिक दल बेशर्मी से जातीय ध्रुवीकरण में लगे हुए हैं,वहीं नितांत व्यक्तिगत धर्म को भी मत उगाहने का माध्यम बना दिया गया है। पहले अंडा फिर चिड़िया या पहले चिड़िया फिर अंडा की पद्धति पर सभी राजनीतिक दल इसके लिए दूसरों पर दोषारोपण करते रहते हैं।

अभी कुछ ही दिनों पहले राम और रामकथा,रामचरित मानस को लेकर भी नेताओं ने अच्छी खासी राजनीति की। लोकापवाद जो लोकतंत्र में सत्य से भी अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है के भय से राम ने तथाकथित सारी परीक्षा में सीता के खरी उतरने के बाद भी उन्हें गर्भवती होने की दशा में भी घनघोर वन में छोड़ने का आदेश दे दिया। इस प्रकरण में परित्याग को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए परंपरा-वादियों द्वारा तरह-तरह के अधकचरे तर्क और तथ्य पता नहीं कहां-कहां से लाकर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि धर्म की रक्षा तर्क से नहीं अपितु सत्य से ही की जाती है। **-फेसबुक वॉल से**

# दलित चेतना के अग्रदूत क्रांतिकारी संत बसवेश्वर



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे, वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे।

क्रांतिकारी संत बसवेश्वर का जन्म सन् 1127 के आसपास वर्तमान कर्नाटक के बीजापुर जनपद के इंगालेश्वर बागेवाड़ी गांव में एक उच्च कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बसवेश्वर को बासव और बसन्ना नाम से भी संबोधित किया जाता था। बालपन में ही बसवेश्वर दलित संतों शिवभक्त कण्णप्पा और मदरा चन्नप्पा के उपदेशों से इतने प्रभावित हुए की आठ वर्ष की अवस्था में ही उपनयन संस्कार से विद्रोह कर बैठे। अपने वेद पारंगत पिता के समक्ष निःसंकोच रूप से अपने क्रांतिकारी विचार उद्घोषित करने लगे कि यह उपनयन जातिगत श्रेष्ठता तथा भेदभाव का प्रतीक है। ब्राह्मण के कर्मकांड भगवद्भक्ति से दूर करते हैं। बालक बासव ने अपने पिता से कहा की यदि समाज के हर वर्ग को उपनयन का अधिकार होता तो वे स्वीकार कर लेते।

बीजापुर जिले में कृष्णा नदी और मालप्रभा के संगम पर भगवान शिव का पवित्र लिंग स्थापित है,जो कुडल संगम के नाम से प्रसिद्ध रहा। इस स्थान पर एक प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ भी था जिसके कुलपति ईशान्य गुरु थे जिन्होंने शिशु बासव को लिंग के साथ दीक्षित किया था। उपनयन के प्रकरण पर बालक बासव ने अपने पिता से कहा की मुझे पवित्र लिंग ने दीक्षित कर रखा है अब मुझे किसी अन्य दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। मुझे कुडल संगम जाने की अनुमति दें। ईशान्य गुरु के संरक्षण में कुडल संगम को समर्पित बसवेश्वर एक क्रांतिकारी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध होने लगे। विरक्त क्रांतिकारी संत बसवेश्वर कालांतर में कालचूर्य राजवंश के वित्तमंत्री हुए। बासव दंडनायक ने राजपुरुष के रूप में अपनी पद, प्रतिष्ठा,धन ऐश्वर्य सब कुछ सामाजिक और धार्मिक क्रांति को समर्पित कर दिया। कालचूर्य वंश की राजधानी कल्याण में उन्होंने दलितों ,वंचितों के बीच न केवल सैद्धांतिक समता की बात की,बल्कि उसे व्यावहारिक रूप प्रदान करते हुए चमार,मोची,डोम,चांडाल,तेली,दर्जी आदि जातियों का एक सामाजिक धार्मिक संगठन भी स्थापित कर दिया जिसे कुडल संगम का शरण कहा गया जिसके धर्म को निर्देशित करते हुए बासव ने कहा-तू चोरी-हत्या नहीं करेगा,न असत्य बोलेगा, तू किसी पर क्रुद्ध नहीं होगा ,न किसी अन्य मनुष्य से घृणा करेगा,अपने आप पर गौरव भी नहीं करेगा,तू दूसरे पर दोषारोपण नहीं करेगा,यह तेरी अंतर्मुखी शुद्धता है,यही हमारे भगवान कुडल स्वामी को जीत लेने का उपाय भी है।

बासव ने दलितों को अछूत कहकर पुकारने का विरोध किया और उन्हें महा महेश्वर-शरण का संबोधन दिया तथा गले में लिंग धारण कराया। दक्षिण भारत में संबोलि की प्रथा थी जिसमे दलित लोग जब रास्ते पर चलते थे तो उच्च स्वर से अन्य वर्णों को सचेत करते थे। बसवेश्वर ने इस प्रथा को बंद कराया। बासव के क्रांतिकारी विचार से प्रभावित होकर उड़ीसा,कश्मीर और गुजरात से भी उनके शरण में सम्मिलित हुए। बसवेश्वर का सामाजिक धार्मिक क्रांति के तीन बिंदु रहे। एक -जन्मना जाति के स्थान पर कर्मणा वर्ण का सिद्धांत, दूसरा कर्मकांड को त्याग कर सरल भक्ति का मार्ग, तीसरा-श्रम का महत्व और उसकी सर्वोपरिता। बसवने अपने उपदेशों में गरीबों की चेतना को जागृत कर धनवानों की भर्त्सना की-आप प्रश्न कर सकते हैं सर्प से दंशित व्यक्ति से,आप प्रेत-ग्रस्त पुरुषों से भी कर सकते हैं सवाल,पर धन के भूत से ग्रस्त व्यक्ति से आपको प्रश्न करने की मजाल कभी नहीं होगी। बसवेश्वर ने मंदिर के बजाय शरीर को ही शिवालय मानने पर जोर दिया जिनके पास धन है वे शिवालय बनवाते हैं,मैं धनहीन क्या कर सकता हूं,मेरे पैर ही खंबे हैं तथा मेरी देह देवालय,मेरा सिर ही सोने का कलश है,हे कुडल संगम देव जरा सुनना,स्थावर नश्वर है,परंतु जंगम का नाश नहीं हो सकता।

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे। दलितों के साथ-साथ बासव ने स्त्रियों को समता का अधिकार दिलाया। हर वर्ण की स्त्रियों-पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला इस अभूतपूर्व क्रांति में सम्मिलित हुई। बसवेश्वर के सुधारों से ही लिंगायत संप्रदाय अस्तित्व में आया। महात्मा बुद्ध के वाद बसवेश्वर ने ही समाज का मंथन करते हुए उपदेश किया की सदाचार ही उच्च जाति है तथा कदाचार नीच जाति,धर्म सबका जन्मसिद्ध अधिकार है। बासव अपने से हीन किसी को नहीं मानते थे और सबसे बराबरी का व्यवहार करते थे। इसीलिए उन्होंने किसी को अपना शिष्य नहीं बनाया। सामाजिक परिवर्तन के लिए बाबा साहेब आंबेडकर जिस बाल्तेयर की परिकल्पना करते थे वह बसवेश्वर ही थे।

# दैत्य गुरु के घर में देव गुरु



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवों के गुरु वृहस्पति राशि परिवर्तन करके 1 मई को मेष से वृष राशि पर आ गए हैं,जो असुर गुरु शुक्राचार्य का घर है। यहां वे एक वर्ष तक रहेंगे। शुक्र उनके शत्रु हैं और शत्रु राशिस्थ ग्रह निर्बल होता है। वैसे भी गुरु 6 मई से 2 जून तक अस्त रहेंगे। अस्त ग्रह निष्प्रभवी रहता है। तथ्य यह भी है कि गुरु के उदय काल में वहां शुक्र मौजूद होंगे,जो 12 जून तक वृष पर रहेंगे। उनका वह अपना घर है,अतः वहां बलवान होंगे। जब दो परस्पर शत्रु ग्रह एक जगह मिलते हैं तो ग्रह युद्ध होता है। उसमें विजय बलवान की होती है।

तात्कालिक बलाबल के अनुसार शुक्र का पलड़ा भारी रहेगा। गुरु दैवी, सतोगुणी शक्तियों के प्रतीक हैं और शुक्र आसुरी,नितांत भौतिकतावादी शक्तियों के। गुरु पुरुष हैं और शुक्र स्त्रीलिंग। 4 जून और उसके कुछ बाद के कालखंड में देश में सरकार का गठन हो रहा होगा। उक्त ग्रहीय स्थिति के अनुसार सौम्य,सात्विकी,देवत्व लिए शक्तियो का पलड़ा कमजोर रहेगा और इसके विपरीत शक्तियां प्रबल होंगी। किसी स्त्री का वर्चस्व दिखेगा,क्योंकि शुक्र स्त्री हैं। देश की कुंडली में राज्य भाव यानी दशम में शनि गोचर कर रहे हैं,जो मंद ग्रह हैं। अतः सत्ता संचालन गति में मंथरता कारित करेंगे। 12 जून के बाद गुरु फ्री होंगे। वे गोचर में अपने स्थान से दूसरे,पांचवें,सातवें,नवें और ग्यारहवें भाव के लिए शुभकारी होते हैं। ऐसे में वे मेष,मकर,वृश्चिक,कन्या और कर्क राशि वालों को लाभ देंगे। शेष के लिए अशुभ। वे जातक की कटि और जंघा पर अधिकार रखते हैं तथा रोग कारित करने वाले त्रिदोषों मे कफ पर नियंत्रण करते हैं। ऐसे में अशुभ फल वाली राशियों के लिए इन दोषों को लेकर इन अंगों में पीड़ा पहुचा सकते हैं। ज्वर, वमन, गुल्म व आंत्र रोग, ब्राह्मणों का शाप (नाराजगी)और देवताओं का रोष हो सकता है। "छर्दीश्च गुल्मान्त्ररुजं शुचं द्विजशापोत्थ पीडां सुर सम्भवां रुजम्।" दुष्प्रभावों के शमन हेतु तर्जनी उंगली में सोने की अंगूठी में पोखराज धारण करें और पीली वस्तु का दान करें,जैसे चने की दाल,सोना,पीला कपड़ा। वे वर्ण से ब्राह्मण और विद्वान हैं, अतः ऐसे लोगो को दान,भोजन और सम्मान करने से भी अरिष्ट निवारण होता है।

## सार-संक्षेप

### एनएचएआई द्वारा दाखिल आधे-अधूरे हलफनामे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से दाखिल 15 पृष्ठों के हलफनामे पर नाराजगी जताई। इस पर एनएचएआई के अधिवक्ता ने कोर्ट से पूरे तथ्य के साथ फिर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, साथ ही कोर्ट को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह का जवाब दाखिल नहीं किया जाएगा। सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के 7 दिसंबर 2021 के पत्र के अनुसार बताएं कि क्या सड़क निर्माण हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है या नहीं। बरेली निवासी राजेश्वर सिंह व अन्य ने कोर्ट को बताया कि सड़क के लिए जितनी जमीन अधिगृहित की गई है, उससे अधिक जमीन पर निर्माण किया गया है, जिसका मुआवजा भी नहीं दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसी का उत्तर देते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसके 15 पृष्ठों में से 10 पृष्ठ तक केवल कानूनी उपबंधों व कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया और शेष पांच पृष्ठ में भी याचिका के तथ्यों का कोई यथोचित उत्तर नहीं दिया गया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 24 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

### जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की होगी वीडियोग्राफी

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए जाति–धर्म आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ग्राम्य विकास आयुक्त की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। इसमें लिखा की जाति आधारित सम्मेलनों व पंचायतों पर गहन नजर रखी जाए। ऐसे सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाए। यदि सम्मेलन में जाति, धर्म आदि का इस्तेमाल होता है तो आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाए।

### बसपा ने उलटफेर कर पांच और प्रत्याशी किए घोषित

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा ने प्रत्याशियों की 12वीं सूची में गैसड़ी विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मो .हारिस खान को प्रत्याशी बनाने के साथ ही लोकसभा की दो सीटों पर तीसरी बार फेरबदल किया हैं। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल द्वारा गुरुवार देर रात आधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि वाराणसी व भदोही में फिर प्रत्याशी बदला गया है। वाराणसी में अतहर जमाल अंसारी और भदोही में हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को उतारा है। वहीं इलाहाबाद सीट पर रमेश सिंह पटेल, बांसगांव सीट पर डॉ .राम समुझ को उतारा है। साथ ही श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान को प्रत्याशी बनाया गया है। सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले का दावा करने वाली बसपा ने अभी तक 20 मुस्लिम, इतने ही सवर्ण व ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि 17 ओबीसी, एक सिख प्रत्याशी को मौका दिया है।

### अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई अब 13 को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा दाखिल अपील रिकॉर्ड पर लाई गई जो निचली अदालत द्वारा पारित आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी। मालूम हो कि सरकारी अधिवक्ता ने गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि सीआरपीसी की धारा 377 के तहत दाखिल सरकार की अपील कोर्ट के समक्ष रिकॉर्ड पर नहीं लाई जा सकी है, जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को उसे रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मई निर्धारित कर दी। उपरोक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई है। गौरतलब है कि गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अंसारी को गाजीपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने गाजीपुर के मुहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में 29 अप्रैल 2023 को चार साल की सजा सुनाई थी और एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था।

### पल्लवी पटेल ने फूलपुर से महिमा पटेल को उतारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल और असुदउद्दीन ओवैसी के पीडीएम मोर्चे ने शुक्रवार को तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये है। प्रयागराज की फूलपुर सीट से महिमा पटेल को उम्मीदवार बनाया है। महिमा पटेल इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करती हैं। बांदा सीट पर प्रमोद कुमार यादव और झांसी सीट पर डॉ . चंदन सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि पल्लवी पटेल ने इंडिया गठबंधन में सीट न मिलने पर बगावत कर दी थी और असुदद्दीन ओवैसी के साथ गठबंधन कर पीडीएम का गठन किया था।

### नगर निगम क्षेत्र में चल रहे भट्टों का ब्यौरा तलब

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर निगम, लखनऊ से राजधानी के म्युनिसिपल क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टों का ब्यौरा तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने दुर्गेश कुमार सिंह की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। मामले की अगली सुनवाई मई माह के तीसरे सप्ताह में होगी।

### पांचवें चरण में 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें सपा से नरेश उत्तम पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अभी तक कुल 296 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। छह मई को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में सात, लखनऊ में 19, रायबरेली में 16, अमेठी में 14, जालौन (अजा) में चार, झांसी में चार, हमीरपुर में एक, बांदा में 10, फतेहपुर में 11, कौशाम्बी (अजा) में पांच, बाराबंकी (अजा) में पांच, फैजाबाद में सात, कैसरगंज में आठ व गोण्डा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। फतेहपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से नरेश चन्द्र उत्तम ने नामांकन किया।

### जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी जाकर माथा टेका। मीडिया से बात करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं नहीं आ सका था। अब मौका मिला।रामलला के दर्शन कर मन भावुक हो गया। बहुत सुंदर मंदिर बना है।

# सर्वोदय विद्यालयों में लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

## शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम होंगे ग्रेडिंग के मानक

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- पहले चरण में यूपी बोर्ड को किया गया शामिल, इसके बाद सीबीएसई के स्कूल लिए जाएंगे

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय (अब सर्वोदय विद्यालय) पढ़ाई की स्थिति में सुधार करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज श्रेणी की रैंकिंग में रखा जाएगा। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखे जाने की व्यवस्था है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं जबकि शेष सीबीएसई बोर्ड के हैं। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जाएगी।

**पांच बार किया जाएगा मूल्यांकन :** यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश भेजे गए हैं। कहा गया है कि ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के बाद, दूसरा पहले यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, चौथा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होगा। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट कराने का निर्णय पिछले शैक्षणिक सत्र में लिया गया था।

### नौ मानकों पर होगा मूल्यांकन

लखनऊ : ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया गया है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस–दस अंक तय किए गए हैं। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं। इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ–सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, स्प्लिट ऑफ सिलेबस (समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता), ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र–छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

### दो विद्यालय ही ए श्रेणी में

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम आने के बाद विभाग ने यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए। हमीरपुर, महोबा, बांदा, कानपुर नगर और कौशाम्बी के पांच विद्यालय बी श्रेणी में अपनी जगह बना पाए। बाकी 44 विद्यालय सी और डी श्रेणी में हैं।

# डूडा विभाग का अधिकारी बन ठगने वाले गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर सैकड़ों से की ठगी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बन कॉल और व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाकर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह के दो शातिर आरोपियों को एसटीएफ ने कानपुर के थाना रेउना से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से टीम ने मोबाइल, आईडी, नकदी बरामद की है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह के निर्देश पर एसटीएफ मुख्यालय की साइबर टीम के निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई। उन लोगों को भारत सरकार की ओर से जनता के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने के नाम पर डूडा अधिकारी बनकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों की सूचनाएं मिल रही थीं। जिसके बाद एसटीएफ टीम ने तकनीकी और मुखबिर के माध्यम से सूचना संकलित करते हुए तीन अप्रैल को करीब 07.30 बजे थाना क्षेत्र रेउना मे छापेमारी करके राम नगर निवासी प्रदीप सिंह उर्फ काला और सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है।

वह लोग आम आदमी की फर्जी दस्तावेजों से आईडी बनाकर सिम कार्ड खरीदते हैं। भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बनकर उन्हीं मोबाइल नंबरों से सीरियल नंबरों पर कॉल करके लोगों को अपने जाल में फंसाकर, व्हाट्सएप के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाते हैं। गैंग की महिलाओं के माध्यम से उन लोगों की आईडी पर नया बैंक खाता खुलवा लेते है।

# हादसे रोकने व जाम की समस्या से निजात दिलाने को मिलकर काम करेंगे 12 विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क सुरक्षा समिति सभी विभागों को सौपेंगी काम

**अमृत विचार:** सड़क पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने के साथ ही जाम की समस्या से निजात दिलाने को 12 विभाग अब मिल कर काम करेंगे। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा स्लोगन के आधार पर इसकी शुरुआत की जाएगी।

जिला सड़क सुरक्षा कमेटी सभी विभागों को कार्ययोजना बनाकर देगी और उनके काम का ब्योरा भी हर तिमाही लेगी। लखनऊ के साथ प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात जाम को दूर किए जाने के साथ ही हादसों पर लगाम लगाने को कई काम किए जाने हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति जिन सरकारी विभागों के साथ समन्य कर काम करेगी, उनमें एडीएम, एआरटीओ परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग, एलडीए, एसीपी ट्रैफिक, यात्रीकर अधिकारी परिवहन विभाग, मेडिकल ऑफीसर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, आबकारी निरीक्षक आबकारी विभाग पीडब्लूडी प्रांतीय खंड, पीडब्लूडी निर्माण खंड, और उप प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग शामिल हैं। इन सभी को जाम से निपटने की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

# पाकिस्तान से आये 235 भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन व भरतकुंड स्थित तपोस्थली पर भी पहुंचे श्रद्धालु



पाकिस्तान के 35 जिलों से आए रामभक्त रामलला के दर्शन के लिए जाते हुए।

**अमृत विचार :** पाकिस्तान के 35 जिलों के रामनगरी आए 235 रामभक्तों ने शुक्रवार को रामलला का दर्शन पूजन किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर सांई डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में आए दल ने राममंदिर के साथ-साथ सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, भरतकुंड स्थित तपोस्थली आदि प्राचीन मंदिरों का दर्शन पूजन किया।

हैदराबाद के श्रद्धालु चंद्रराम का कहना है कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। सुबह हम सभी ने भरत की तपोस्थली का दर्शन किया। गुप्तारघाट पर भी पूजन-अर्चन किया। रामलला के दर्शन शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। अन्य श्रद्धालुओं का कहना था कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है।

पाकिस्तान से आए डॉ. अशोक कुमार का कहना है की हम यहां से जो भावना लेकर जा रहे हैं, उसे व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। प्रेरणा का कहना है की पाकिस्तान से यहां तक की यात्रा बहुत ही अच्छी रही है। हम सभी ने यहां दर्शन पूजन किया है। सिंधी समाज के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि जत्थे मे पाकिस्तान देश से कराची, लाहौर, सक्खर, घोटकी, हैदराबाद आदि सहित कई शहरों के श्रद्धालु शामिल रहे। सबसे अधिक संख्या सिंध प्रांत के आठ जिलों से रही। जिसमें जरवार, मीरपुर, खानपुर, चुंडकों, शहजादपुर, पनो आकील, बैजी, मैसरा, भैलारी, कन्धकोट, पीतापिन, रेहणकी, चिचड़ा आदि इलाके शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है कि राममंदिर निर्माण के बाद इतनी बड़ी संख्या में पाकिस्तान के सिंधी हिंदू समाज के लोग अयोध्या दर्शन के लिए आए हैं।

# अतुल अंजान के निधन पर राजनीतिक हस्तियों ने जताया शोक

**लखनऊ,अमृत विचार :** वामपंथी राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखने वाले अतुल कुमार अंजान के शुक्रवार को निधन पर राजनीतिक दलों और तमाम सामाजिक संगठनों ने अपनी-अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। भाजपा सांसद राकेश सिन्हा, रालोद जयंत चौधरी समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



जयंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अतुल अंजान के निधन से मैं स्तब्ध हूं। वो एक बहादुर और समर्पित लोक सेवक थे। मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक अतुल अंजान के लिए राजधानी समेत देश के अन्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालयों में शोकसभा का आयोजन किया गया। अतुल अंजान उत्तर प्रदेश के चर्चित पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के दौरान चार साल नौ महीने जेल में भी बिताए। उनके पिता डॉ. एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे।

# मोदी के रोड-शो का रथ पहुंचा फोर्स की आमद भी हुई शुरू

अयोध्या कार्यालय


इसी रथ पर सवार होंगे प्रधानमंत्री।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के नया घाट लता मंगेशकर चौक से बिड़ला धर्मशाला के बीच प्रस्तावित रोड-शो को लेकर केंद्रीय सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों ने कमान संभाल ली है। लखनऊ से रोड-शो के लिए रथ शुक्रवार को अयोध्या पहुँच गया। ड्यूटी में लगाए गए फ़ोर्स की आमद शुरू हो गई है। सुरक्षा में पुलिस विभाग के विभिन्न दस्तों के साथ सुरक्षा मुख्यायल की टीम लगाई जानी है। साथ ही चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए ड्रोन, सीसीटीवी समेत सर्विलांस आदि तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिले में डेरा डाले एसपीजी के अधिकारी पीएम व कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर निगरानी में जुटे हैं। बैठकों का दौर जारी है। साथ ही हिदायतें जारी की जा रही है। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पीएम के पूर्व में जिले के दौरे के खाके को आधार बनाकर ड्यूटी लगाई जा रही है।

पुलिस लाइंस में शुक्रवार को हुई बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने वीवीआईपी प्रोटोकाल व रोड शो कार्यकम को लेकर राजपत्रित अधिकारियों व निरीक्षकों को विस्तार से जानकारी दी। क्या नहीं करना है, इस बात की हिदायत दी गई। साथ ही सभी अधिकारियों को ड्यूटी प्वॉइंट चेक करने और शनिवार को फ्लीट रिहर्सल के पूर्व ड्यूटी मुस्तैद रखने का निर्देश दिया गया। पीएम के आगमन और प्रस्थान को लेकर मार्ग और इस दौरान यातायात प्रतिबंध आदि पर मंत्रणा की गई है। इस दौरान आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नय्यर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कल चार बजे से रोड-शो

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पीएम मोदी का रोड–शो पांच मई को शाम चार बजे से प्रस्तावित है। इसमें 50 हजार की भीड़ इकट्ठा करने की तैयारी है। इसको लेकर भाजपा के लोग दौड़ा कर रहे हैं। रोड शो, राम पथ पर लगभग दो किलोमीटर का होगा।

## वर्ग पहेली-59

**बाएं से दाएं**

3. 1. माल का वास्तविक मूल्य, कीमत 2. धन–दौलत 3. कीमती चीज़, मूल्यवान वस्तु।

4. एक अरबी वाद्ययंत्र।

6. 1. आग सुलगाने के लिए पंखे

7. 1. शौरसेन प्रदेश की भाषा 2. शौरसेन प्रांत की प्राचीन प्राकृत भाषा जिससे आधुनिक खड़ी बोली का विकास हुआ है।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. किसी की अधीनता और दीनता स्वीकार कर लेना 2. नमस्कार, अभिवादन सलाम, नमस्ते 3. ईश्वरीय आराधना, उपासना, पूजा।

2. प्राणियों के पेट की वह लंबी नली जिसमें उसके द्वारा खाई गई वस्तुओं का चयापचय होता है, आंत, तांत। (मु.)–टटोलना : किसी के मन की बात जानने का प्रयास करना। अंतड़ियां जलना : भूख से बेचैन होना। अंतड़ियां जलाना : किसी लक्ष्य के लिए कठोर श्रम या त्याग करना।

3. 1. वातावरण, परिवेश 2. परिस्थिति।

4. 1. जिसे दिखाई देता हो, दृष्टिवाला 2. बुद्धिमान, समझदार।

5. वह बिंदु जिसपर किरणें एकत्र होकर मिलें।



### वर्ग पहेली -58 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | षू | द | न | ■ | ■ | 2 मो |
| रं | ■ | ■ | ■ | 3 खं | ■ | धू |
| भ | ■ | ■ | 4 कुँ | ज | ड़ा | ■ |
| ■ | 5 खि | ल | वा | ड़ी | ■ | 6 चा |
| ■ | लं | ■ | री | ■ | ■ | र |
| ■ | द | ■ | ■ | 7 खु | र | पा |
| 8 ध | रा | शा | यी | ■ | ■ | ई |

## सुडोकू-138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

### सुडोकू -137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मई शनिवार 2024 संवत–2081,शक संवत 1946 मास–वैशाख, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–एकादशी 20 .38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की संभावना है। जॉब में मनोवांछित उन्नति मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी।

**वृष:** आज उच्च शिक्षा में अच्छी संभावना मिल सकती है। नए संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर असहजता दूर होगी। संतान के करियर की चिंता रहेगी।

**मिथुन:** आज आर्थिक स्थिति में धीरे–धीरे सुधार आएगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आएगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क:** आज कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मन :स्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कब्ज की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा न करें तो हितकर होगा। अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**सिंह:** आज व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे।

**कन्या:** आज आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आएगा,लेकिन उसे संभाल लेंगे।

**तुला:** आज अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। संतान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

**वृश्चिक:** आज आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में नए समझौते करने पड़ सकते है। पूजा–पाठ में मन नहीं लगेगा।


**धनु:** आज ऑफिस के काम से आपको दूर करना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

**मकर:** आज लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुंबजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

**कुंभ:** आज मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन:** आज किसी उलझे हुए मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। परिवार और कामकाज में असंतुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–ग्रीष्म। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–पूर्व भाद्रपद 22 .07 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हिरासत — सुबह : 10 .44
एक और एक ग्यारह — रात : 07 .03

**&pictures**
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10 .07
छतरीवाली — रात : 08 .00

**Sony Pix**
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 10 .17
सीजे 7 — रात : 07 .40

**Zee Cinema**
हम आपके हैं कौन — सुबह : 09 .45
मोहरा — शाम : 04 .50

**Colors Cineplex**
ये जवानी है दीवानी — सुबह : 09 .28
दृश्यम 2 — शाम : 06 .05

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 06 .05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यात्री– क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर– नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री – फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर – ये उन लोगों ने फेंके हैं,जो पूछते नहीं है।

दुकानदार– बताइए जनाब क्या चाहिए ?
चिंटू– अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार– यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1599, जय जवान 1390, सचिन 1525, सूरज 1415, अवसर 1625, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7275–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी** – डालमियां 4200, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150 (नई), बहेड़ी (नई) 4160 रुपये।

# उतार-चढ़ाव में सेंसेक्स 733 अंक फिसला

## भारी मुनाफावसूली से निफ्टी 172 अंक गिरकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 484.07 अंक चढ़ गया था। लेकिन उसके बाद यह 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के ऊपरी स्तर और 73,467.73 अंक के निचले स्तर पर भी आया। इस तरह एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली के चलते सारी शुरुआती बढ़त चली गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, रिलायंस इं., नेस्ले, एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत



भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 732.96 अंक गिरकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि यह शुरुआती कारोबार में 484.07 अंक चढ़ा था। कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद यह 1,627.45 अंक गिरकर 73,467.73 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

## सरकार ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा। इसके साथ ही सरकार ने देसी चने के आयात पर शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला किया। इसके अलावा 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी किए गए 'बिल ऑफ एंट्री' के जरिए पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है। 'बिल ऑफ एंट्री' एक कानूनी दस्तावेज है जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे। फिलहाल प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, सरकार भारत के मित्र देशों को निर्यात की अनुमति देती है। इसने संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को एक निश्चित मात्रा में प्याज निर्यात की अनुमति दी हुई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया।

## सर्राफा




| कानपुर | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 82,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550–54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,650 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,650 |
| चांदी पक्की | 805 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,650 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## सोने के दाम में 350 रुपये की आई गिरावट, चांदी की कीमत रहीं स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,297 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर कम है। गांधी ने कहा- अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती में अभी समय लगने की चिंता के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। ब्याज दर में कमी में देरी का कारण मुद्रास्फीति जोखिम का बरकरार रहना है।

## कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी।

## अडाणी की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- लेनदेन के उल्लंघन और नियमों का अनुपालन न करने पर कार्रवाई



अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है।

बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है।

# राष्ट्रीय

### बर्द्धमान-कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# सबसे कम सीट पर सिमटेगी कांग्रेस: मोदी

बर्द्धमान/कृष्णानगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में 'अर्ध-शतक' का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे कम सीट पर सिमेटेगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी ताकि पार्टी अपनी 'तुष्टिकरण की राजनीति' कर सके। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा 'वोट जिहाद' संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नरेंद्र मोदी झारखंड व पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं।



झारखंड: प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पश्चिमी सिंहभूम में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पारंपरिक टोपी पहनकर स्वागत किया। ● एजेंसी

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में विनोद चौहान नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईडी द्वारा इस मामले में यह 18वीं गिरफ्तारी है। चौहान पर 'साउथ ग्रुप' द्वारा दी गई कथित रिश्वत की राशि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रचार अभियान के लिए हस्तांतरित करने का आरोप है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता और कई शराब व्यवसायियों और अन्य को संघीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

## राहुल को रायबरेली से लॉन्च करने की सोनिया गांधी की कोशिश होगी नाकाम : अमित शाह

हुक्केरी (कर्नाटक), एजेंसी



- गृहमंत्री बोले-कांग्रेस अध्यक्ष 20 बार कर चुकी हैं लॉन्च

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से भागने के बाद उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार से बड़े अंतर से शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। शाह ने यह भी कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राहुल गांधी को "लॉन्च" करने के कई प्रयास विफल रहे हैं और यह इक्कीसवां प्रयास है।

वह यहां बेलगावी जिले में चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अन्नासाहेब जोले के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, ''मोदी जी ने कोशिश की और चंद्रयान तुरंत 'लॉन्च' हो गया। राहुल बाबा नाम के इस 'यान' को सोनिया 20 बार 'लॉन्च' कर चुकी हैं, लेकिन उनकी 'लॉन्चिंग' सफल नहीं हो पाई। आज इक्कीसवीं बार उन्होंने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया है।

### क्या प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे : राहुल गांधी



**पुणे।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करेंगे और कहा कि उनकी पार्टी की 'न्याय' गारंटी भविष्य की राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। पुणे लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विचारधारा की दृष्टि से महाराष्ट्र एक "कांग्रेसी राज्य" है और उन्हें यहां आना पसंद है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि अगर संविधान बदल दिया गया तो भारत की पहचान खत्म हो जाएगी। उन्होंने सवाल किया, मोदी जी इस पर बोलेंगे कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे? गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी 'जाति जनगणना' कराने के लिए प्रतिबद्ध है और दोहराया कि वह आरक्षण पर "कृत्रिम" 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी।

## एक नजर

### कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

**ठाणे।** कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था। निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

### काला जादू करने के संदेह में दो की मौत

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले में काला जादू करने के संदेह में ग्रामीणों ने कथित रूप से एक पुरुष और एक महिला को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात एट्टापल्ली तालुका के बसेरवाड़ा गांव में हुई घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों देउ अतलामी और जमनी तेलामी (52) को उनके घरों से खींचकर निकाला और तीन घंटे तक उनकी पिटाई करने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

## महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिला कर्मी से दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल को आड़े हाथों लिया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला कर्मी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को शुक्रवार को आड़े हाथों लिया। महिला कर्मी से कथित दुर्व्यवहार का मामला बृहस्पतिवार शाम को सामने आया था। पूर्वी बर्धवान जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला से कथित दुर्व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा-कल राजभवन में काम करने वाली एक युवा महिला सामने आई और राज्यपाल के कथित उत्पीड़न के बारे में बताया ...कल, महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा। मैंने उसका वीडियो देखा।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि कल राजभवन गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्यों इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी? उन्होंने कहा, ''महिला रोती हुई बाहर आई और कहा कि उसे अब राजभवन में काम करने से डर लग रहा है। उसने बताया कि उसे असमय बुलाया जाता था और उत्पीड़न किया जाता था। और ये लोग हमारी माताओं और बहनों की गरिमा की बात करते हैं।'' राज्यपाल बोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 'मनगढ़ंत आरोपों' से नहीं डरेंगे और 'सच्चाई की जीत होगी।' उन्होंने यह बयान तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इस दावे के बाद दिया कि राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मी ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के 1500 जवानों को दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''दूसरे राज्य से कोई पुलिस कर्मी पश्चिम बंगाल नहीं आया है। निर्वाचन आयोग ने केवल केंद्रीय बल भेजे हैं। लेकिन आश्चर्य है कि राज्य से बाहर भेजे गए किसी भी पुलिस कर्मी को डाक मतपत्र से मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई।

## न्यायालय ने सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की

नई दिल्ली, एजेंसी

**उत्तर प्रदेश का धर्मांतरण मामला**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति राजेन्द्र बिहारी लाल और अन्य के खिलाफ कथित अवैध धर्मांतरण मामले में दर्ज पांच प्राथमिकियों को रद करने या इन्हें आपस में जोड़ने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए शुक्रवार को 14 मई की तारीख निर्धारित की।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सिद्धार्थ दवे और मुक्ता गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि सभी नौ याचिकाओं को 14 मई को अंतिम निस्तारण के लिए लिया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद को पहली दो प्राथमिकियों की प्रति अगली सुनवाई से पहले या उस दिन दवे को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। दवे, विश्वविद्यालय के कुलपति का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और आरोपियों के वकील को लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

## न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है।

## हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## मणिपुर में हिंसा का एक साल, बदल गई राज्य की तस्वीर

- आदिवासी एकजुटता मार्च के कारण हुई थी हिंसा

इंफाल/चुराचांदपुर (मणिपुर), एजेंसी

मणिपुर के निवासी उस दिन को याद कर रहे हैं जब उनका राज्य जातीय हिंसा में झुलसकर सामाजिक रूप से बंट गया, पीढ़ियों से साथ रहे परिवार व पड़ोसी एक दूसरे से अलग हो गए और हजारों लोगों की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह सबकुछ ठीक एक साल पहले हुआ था। तीन मई, 2023 का वह दिन आज भी सभी लोगों की यादों में ताजा है, जब एक आभासी नियंत्रण रेखा द्वारा विभाजित दो मणिपुर अस्तित्व में आए। इस दिन मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के कारण मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के कारण लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अनेक तरीकों से प्रभावित हुई है। संघर्ष के चलते 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई हजार लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य में तीन मुख्य जातीय समूह ऐतिहासिक रूप से साथ रह रहे थे- घाटी क्षेत्र में मेइती, दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में कुकी और उत्तरी पर्वतीय इलाकों में नगा समुदाय। लेकिन पिछले साल मई में ये समुदाय अलग होकर एक दूसरे के दुश्मन बन गए। अब मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी तक सीमित हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों की ओर चले गए हैं। मैदानी और पहाड़ी जिलों के बीच मौजूद सीमावर्ती इलाकों के हालात देखकर राज्य की गहरी जातीय जड़ों को आसानी से समझा जा सकता है।

### मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई: मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था। उन्होंने कहा–मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुत: दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा–निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है।



**आज का मुकाबला**

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

## आरसीबी-गुजरात के लिए करो या मरो मुकाबला

**बेंगलुरू, एजेंसी**

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले



बल्लेबाज हैं। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।

वहीं, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

## पारी की शुरूआत करें कोहली : जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया।

भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने कहा विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

### हार्दिक-विराट का संयोजन होगा शानदार : श्रीसंत



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। पंड्या को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उनके रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से खेल का परिदृश्य बदलने की काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है।

**खेल डायरी**

### वनडे में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

**दुबई।** भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा आईसीसी सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आया है। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।

### चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

**सियोल।** भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में चार अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में पांच भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे।

### शुभंकर ने बीजिंग में कट हासिल किया, संयुक्त 32वें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वोल्वो चाइना ओपन के दूसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। 27 साल का यह भारतीय दूसरे दिन महज एक बर्डी ही लगा सका लेकिन कट हासिल करने में सफल रहा। शर्मा संयुक्त 32वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला था जिससे अब 36 होल में उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश पहले दौर के अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरे दौर में दो ओवर 75 का स्कोर बनाने से संयुक्त 94वें स्थान पर रहे और कट में जगह बनाने से चूक गए।

### टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन।** चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने पिछले रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।


### डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी।

# केकेआर ने मुंबई को 145 पर किया ढेर

## 24 रन से जीता कोलकाता, स्टार्क ने 4 और नारायण ने लिए 2 विकेट






मुंबई के खिलाफ 24 रनों की जीत के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**मुम्बई, एजेंसी**

वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारियों और छठें विकेट लिए 83 रन की साझेदारी के बाद मिचेल स्टार्क की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर केकेआर ने शुक्रवार को मुम्बई इंडियंस को 18.5 ओवर में 145 रनों पर समेटते हुए 24 रन से जीत दर्ज की। कोलकाता की 10 मैचों में यह सातवीं जीत है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक-एक करके अपने छह विकेट 71 के स्कोर तक गवां दिए थे। सबसे पहले दूसरे ओवर में इशान किशन(13) पर उसके बाद नमन (11), रोहित (11), तिलक (4), नेहाल वढेरा (6) और कप्तान हार्दिक (1) रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। सूर्यकुमार और टिम डेविड ने पारी को संभाला और सातवें विकेट लिये 49 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव ने 35 गेंदों में सर्वाधिक 56 रन बनाए। मुम्बई इंडियंस की पूरी टीम 18.5 ओवर में 145 रनों सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से स्टार्क ने चार विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती, नारायण और आंद्रे रसल को दो-दो विकेट मिले।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

**83** रन की शानदार साझेदारी कर वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पहुंचा सम्मानजनक स्कोर तक

**केकेआर 169/10** 19 5 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का तिलक बो तुषारा | 5 | 3 | 1/0 |
| सुनील नारायण बो हार्दिक | 8 | 8 | 0/1 |
| अंगकृष रघुवंशी का सूर्यकुमार बो तुषारा | 13 | 6 | 0/2 |
| श्रेयस अय्यर का डेविड बो तुषारा | 6 | 4 | 1/0 |
| वेंकटेश अय्यर बो बुमराह | 70 | 52 | 6/3 |
| रिंकू सिंह का एवं बो चावला | 9 | 8 | 2/0 |
| मनीष का स्थानाप्पन (ब्रेविस) बो हार्दिक | 42 | 31 | 2/2 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 7 | 2 | 0/1 |
| रमनदीप सिंह का कोएत्जी बो बुमराह | 2 | 2 | 0/1 |
| मिचेल स्टार्क बो बुमराह | 0 | 02 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-3, बुमराह 3 .5-0-18-3, कोएत्जी 2-0-24-0, हार्दिक 4-0-44-2, नमन 3-0-25-0, चावला 3-0-15-1

**मुंबई 145/10** 18 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन बो स्टार्क | 13 | 7 | 1/1 |
| रोहित शर्मा का पांडे बो नारायण | 11 | 12 | 0/1 |
| नमन धीर बो चक्रवर्ती | 11 | 11 | 2/0 |
| सूर्यकुमार यादव का सॉल्ट बो रसेल | 56 | 35 | 6/2 |
| तिलक वर्मा का नारायण बो चक्रवर्ती | 4 | 6 | 0/0 |
| नेहाल वढेरा बो नारायण | 6 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या का पांडे बो रसेल | 1 | 3 | 0/0 |
| टिम डेविड का श्रेयस बो स्टार्क | 24 | 20 | 1/1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो स्टार्क | 8 | 7 | 0/1 |
| पीयूष चावला का नारायण बो स्टार्क | 0 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अरोड़ा 3-0-35-2, स्टार्क 3 .5-0-33-4, चक्रवर्ती 4-0-22-2, नारायण 4-0-22-2, रसेल 4-0-30-2

### अतीत के संघर्षों ने उपलब्धियों के लिए प्रेरणा दी : सुमित



**बेंगलुरू।** ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है। सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं। सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर कहा मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

सुमित ने 2021 में तत्कालीन कोच ग्राहम रीड द्वारा उन्हें टीम से बाहर किये जाने को मैदान पर सबसे बड़ी चुनौती बताया। उस साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद सुमित को टीम से बाहर कर दिया गया और उसके बाद राष्ट्रमंडल खेल या विश्व कप के लिए नहीं चुना गया। दो साल टीम से बाहर रहना उनके लिये कठिन था लेकिन सुमित ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

## धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

**नसाउ (बहामास), एजेंसी**

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है।

इस टीम ने तोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांगझोऊ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।

## स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरुष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।


### अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

**रोम।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा कि मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ।



**बॉलीवुड हलचल**

## 17 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड 17 मई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड'' एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का निर्माण एस.एस. राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने किया है। निर्देशन जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार में कंटेन्ट के हेड गौरव बैनर्जी ने कहा, हम बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के साथ इस मशहूर फ्रैंचाइजी की गहराइयों में जाने के लिए उत्साहित हैं। हम आज के समय में कहानी कहने की कला में एनिमेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम बाहुबली और द लेजेंड ऑफ हनुमान जैसी रोमांचक कहानियों को अपने दर्शकों के लिए पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य वयस्कों के लिये एनिमेशन जोनर को लगातार बेहतर बनाना और दर्शकों को लुभाना है। हम ग्राफिक इंडिया के साथ अपने रिश्ते को भी समृद्ध बनाना चाहते हैं। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के रचनाकर एवं निर्माता एस.एस. राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत बड़ी है और यह फिल्म फ्रैंचाइजी उसका सही परिचय देती है। हालांकि अभी बहुत कुछ जानना बाकी है और ऐसे में बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड की बारी आती है। यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव की जिन्दगी के कई अनजाने ट्विस्ट दिखाएगी। लंबे वक्त से भुलाया गया एक गहरा रहस्य भी उजागर होगा, जब दोनों भाई मिलकर माहिष्मती को बचाएंगे। हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय की पेशकश करके बहुत खुश हैं। हम इस कहानी को एनिमेटेड फॉर्मेट में लेकर आ रहे हैं, जो बाहुबली की दुनिया का एक नया और रोमांचक नजारा देगा। अर्का मीडियावर्क्स और मैं शरद देवराजन, डिज्नी हॉटस्टार तथा ग्राफिक इंडिया के साथ मिलकर काम करके बहुत खुश हैं। हम बच्चों के अलावा भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिये भारतीय एनिमेशन को नया आकार दे रहे हैं।

## श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा।



यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जाएगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है।

## श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे मैच अधिकारी

**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल, सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ, रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

## द. अफ्रीका महिला टीम की भारत करेगा मेजबानी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी-20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। इस टी-20 श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर



में बांग्लादेश में महिला टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और सीएसए पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जीएसटी के तहत कार्रवाई का ब्योरा दे केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम कानून की व्याख्या करेंगे ताकि लोगों का हनन न हो सके, अगली सुनवाई 9 को



नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।' याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुनवाई के लिए तैयार हुआ उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। पीठ ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं।

# हरे-भरे इलाके में घर तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन होने का जोखिम कम

*एक नई रिसर्च में पता चला है कि शहर के हरे-भरे इलाकों में रहने वालों को डिप्रेशन और एंग्जाइटी होने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 71% तक कम होता है, जो घने और कंक्रीट के घने इमारतों वाले इलाके में रहते हैं। रिसर्च के निष्कर्ष में कहा गया है कि जैव विविधता का मानसिक स्वास्थ्य से गहरा संबंध हैं। तमाम स्टडी में इस पर विचार नहीं किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हरा-भरा क्षेत्र कितना और कैसे लाभकारी है।*

## 25 % लोगों ने माना तनाव का असर कम

25 फीसदी लोगों ने माना कि जहां नदी, पेड़, झाड़ियां और झरने आदि होते हैं, वहां मन को शांति मिलती है। जबकि कम प्राकृतिक विविधता वाले स्थानों पर एक बेचैनी सी महसूस होती है। रिसर्च में बताया गया है कि जैव विविधता की रक्षा और प्रचार करके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाया जा सकता है। 15,000 घरों को लेकर किए गए अन्य हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि जो लोग पौधों और पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध प्राकृतिक क्षेत्रों में रहते थे, उनमें सामाजिक और आर्थिक मतभेदों के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं कम थीं। रिसर्च में कहा गया है कि हमेशा हरे-भरे इलाकों में रहना जरूरी नहीं है। किए गए शोध में लोगों ने कहा- कि हरी-भरी जगह शांति का आनंद मिलता है।

## शोध में परखा गया अंतर

लंदन के किंग्स कॉलेज की रिसर्च में कहा गया है कि स्टडी में हरे-भरे इलाके और घनी इमारतों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर को परखा गया। यह रिसर्च अप्रैल 2018 से सितंबर 2023 के बीच की गई। इसके लिए अर्बन माइंड एप के जरिए डेटा जुटाया गया, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अनुभव को दर्ज करता है। इसमें दिनभर में 1,998 लोगों ने अपने पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में 41,000 आकलन पेश किए।



- पूरी नींद लें। अच्छी नींद हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है।
- खूब पानी पीएं और हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।
- एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन न करें।
- जंक फूड और बासी खाना बिल्कुल न खाएं।
- नमक, चीनी, चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ः बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 घायल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

### म्यांमार में फंसे 3 भारतीयों में से एक की वतन वापसी : रणधीर

**नई दिल्ली।** म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था।

### फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, हमले पर जताई नाराजगी

**मनीला।** फिलीपींस ने चीन के राजदूत को समन जारी किया है। दरअसल बीते दिनों चीन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के एक जहाज पर पेट्रोलिंग के दौरान वाटर कैनन से तेज प्रेशर के साथ पानी की बौछार की थी। फिलीपींस की सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने चीन के राजदूत झोउ जियोंग को समन भेजा है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में स्थित शोआल द्वीप पर फिलीपींस अपना दावा जताता है। इस द्वीप पर फिलीपींस के कुछ सैनिक भी तैनात हैं। इन सैनिकों को फिलीपींस द्वारा नौकाओं के जरिए राशन आदि सामान पहुंचाया जाता है।

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट में एक पत्रकार समेत 3 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार समेत 3 की मौत हो गई। इस विस्फोट में 7 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार की पहचान मोहम्मद सिद्दीक मेंगल के तौर पर की गई है, जो खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। खुजदार शहर के बाहरी इलाके में एक रिमोट कंट्रोल बम से उनका वाहन टकरा गया। इस टक्कर के बाद विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। बलूचिस्तान के सीएम ने इस हमले की कड़ी निंदा की और पुलिस महानिरीक्षक को अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया है।

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- हर मामले में ट्रैक रिकॉर्ड खराब

## कंबोज बोलीं- चुनौतीपूर्ण समय में रचनात्मक बात करें, भारत के खिलाफ टिप्पणी नहीं

संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में शांति की संस्कृति विषय पर आम सभा की बैठक में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की।

इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए।

ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे। कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

जिन वर्गों और धर्मों के लोगों को शोषण का सामना करना पड़ा, उन्हें शरण देने और विविधता में एकता बनाए रखने का भारत का इतिहास रहा है।

### आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ, चुनौतियों पर दें ध्यान

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक




परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आए दिन हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, 20 की मौत

- गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र में हुआ हादसा, 21 लोग घायल प्रधानमंत्री शहबाज ने जताया दुख



इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे सवार 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं।

उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार 43 लोगों में से 21 जख्मी हो गए है, जबकि गई गंभीर रूस से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# कनाडा में भारतीय दंपती समेत 4 की सड़क हादसे में मौत

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा की यात्रा पर गए एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी, जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब दुकान में डकैती करने वाले अपराधी का पीछा कर रही थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजमार्ग पर सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो पुलिस ने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय पुरुष और एक 55 वर्षीय महिला, भारतीय कपल शामिल हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है इसी कार में दंपति के तीन महीने के पोते की भी मौत हो गई। मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

## लपटों ने निगला आसरा...



**पटना :** पटना के बांस घाट में झोपड़ पट्टी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। दो दर्जन से अधिक घर आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गए। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। घटना में किसी तरह कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। ● एजेंसी

# तिहाड़ जेल में दो कैदियों के बीच हिंसक झड़प, एक की हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार दोपहर को एक कैदी की हत्या कर दी गई। जेल अधिकारी के मुताबिक, तिहाड़ की जेल नंबर-3 में एक कैदी की दूसरे कैदी ने खाने को लेकर नुकीले हथियार से हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि दीपक नामक कैदी को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। दिल्ली के शकरपुर का रहने वाला दीपक पर हमला करने का आरोप अफगानिस्तान का अब्दुल बाशिर पर लगा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि अदालत में पेशी के बाद उसे वापस तिहाड़ भेज दिया जाएगा।

# जोड़े स्वर्ग में बनते हैं...नष्ट करना ठीक नहीं

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, सफल शादी का आधार है सहनशीलता, छोटी मोटी बातों को तूल नहीं देना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को परामर्शदाता जैसी सलाह देते हुए कहा कि सहनशीलता और सम्मान एक अच्छे विवाह की नींव हैं और छोटे-मोटे झगड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ दायर दहेज-उत्पीड़न के एक मामले को रद करते हुए आई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एक अच्छे विवाह की नींव सहिष्णुता, समायोजन और एक-दूसरे का सम्मान करना है। एक-दूसरे की गलतियों को एक निश्चित सीमा तक सहन करना हर विवाह में अंतर्निहित होना चाहिए। छोटी-मोटी नोक-झोंक, छोटे-मोटे मतभेद सांसारिक मामले हैं और इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं और इसे किसी तरह भी नष्ट करना उचित नहीं है।

न्यायालय का यह अवलोकन उस फैसले में आया है, जिसके जरिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक संबंधित अदेश को रद कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने पत्नी द्वारा दर्ज आपराधिक याचिका को निरस्त करने संबंधी पति की याचिका खारिज कर दी थी।

पति ने सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि यदि पति-पत्नी के बीच सुलह की उचित संभावना होती भी है, तो मामला पुलिस के पास ले जाकर इसे समाप्त कर लिया जाता है। अदालत ने कहा कि वैवाहिक विवादों में मुख्य पीड़ित बच्चे होते हैं।




**क्या है पूरा मामला:** न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। यह टिप्पणी एक फैसले में आई, जिसने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस निर्देश को रद कर दिया, जिसमें एक पति ने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले को रद करने की मांग की थी। पत्नी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, पति और उसके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर दहेज की मांग की और उसे मानसिक और शारीरिक आघात पहुंचाया।

# चीनी मिशन मून लॉन्च, धरती पर लाएगा नमूने

- चांग ई-6 मिशन अपनी यात्रा 53 दिन में पूरी करेगा, चंद्रमा के सुदूर हिस्से से धूल को इकट्ठा करेगा



बीजिंग, एजेंसी

चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें शोध के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए शुक्रवार को चंद्र जांच मिशन भेजा है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। यह पूरा मिशन 53 दिनों का है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे। इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर शोध की जाएगी। सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5 वाई-8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल के रूप में चार घटक शामिल हैं। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा। इसके बाद ऑर्बिटर की मदद से इन नमूनों को रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाया जाएगा। सीएनएसए के अनुसार यह मिशन ऑटोमैटिक सैंपल कलेक्शन, टेक-ऑफ और चंद्रमा पर दूर से आरोहण जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करने के लिए तैयार है।

सीएनएसए ने बताया कि चांग ई-6 मिशन के लैंडर और ऑर्बिटर पर फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण और एक पाकिस्तानी पेलोड है। इससे पहले चीन ने चंद्रमा पर मानवरहित मिशन लॉन्च किया था, जिसके तहत चंद्रमा पर एक रोवर को उतारना भी शामिल था। इसके अलावा चीन ने मंगल ग्रह पर भी एक रोवर भेजा है। चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त लैंडिंग की योजना की भी घोषणा की है। बता दें कि पिछले साल भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 का लैंडर प्रज्ञान रोवर उतारा था। ऐसा करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना था।

# गूगल ने सर्च इंजन बनाने के लिए एपल को 1.6 लाख करोड़ दिए

**वाशिंगटन।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने गूगल को सफारी ब्राउजर का सर्च इंजन बनाने के लिए एप्पल को 20 बिलियन (लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपए) दिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा गूगल के खिलाफ अमेरिकी एंटीट्रस्ट ट्रायल के अदालती दस्तावेजों में हुआ है।

गूगल पर बाजार पर हावी होने, सर्च इंजन और विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज है। मामले का मुख्य हिस्सा गूगल और एपल के संबंधों पर निर्भर करता है। 2020 में, एपल को गूगल द्वारा किया गए भुगतान एप्पल की परिचालन आय का 17.5% हिस्सा था। पिछले साल सुंदर पिचाई ने यूजर्स के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम सेवा के रूप में बचाव किया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नाडेला ने दावा किया था गूगल का उपभोक्ताओं पर मजबूत पकड़ है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर द्वारा खोजी मकड़ी के आकृति जैसी तस्वीर

# मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं को लेकर मकड़ियों की आकृति जैसी लाइनॉन की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर मंगल के दक्षिणी ध्रुव के ऊपर की तस्वीर है। मंगल पर यह भूगर्भीय रासायनिक संरचना है। मंगल पर जीवन की संभावना को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाने वाली खोज है।

बियाबान मंगल पर मानव बस्ती बसाने का मानव सपना साकार होने में लंबा वक्त लगेगा। मगर वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत रंग लाती प्रतीत होती है, जो एक एक पग के साथ आगे बड़ रही है। अब सामने आई नई तस्वीर से पता चलता है कि वैज्ञानिक सही दिशा में आगे बड़ रहे हैं। नई खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने द्वारा यह खोज हुई है। जिसमें मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर मकड़ियों की आकृति जैसा दृश्य देखने को मिला है। यह दृश्य तब बनता है जब सूरज की रोशनी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ पिघने लगती है और गैस में बदल जाती है। यह बदलाव बर्फ के स्लैब के माध्यम से बनता है और फिर टूट जाता है। इसके बाद गैस और काली धूल वापस सतह पर गिरती है। जिससे मकड़ी जैसी संरचनाएँ बनती हैं। मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर यह रहस्यमय भूगर्भिक मकड़ियो की आकृति है। जिसे स्पष्ट करने के लिए वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह की मकड़ियाँ वास्तविक मकड़ी नहीं हैं। यह अंतरिक्ष यान द्वारा ऊपर से देखे गए मकड़ियों जैसे काले धब्बे हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड गैस और धूल के गीजर द्वारा बनाए गए हैं, जो मंगल पर बर्फ की परतों के माध्यम से फूट रहे हैं।



मंगल की सतह पर जमी बर्फ के ऊपर मकड़ियों की लंबी लाइन की तस्वीर।

## 2030 में मंगल की धरती पर पड़ेगा मानव का पहला कदम

लाल ग्रह मंगल पर इंसान का पहला कदम 2030 में पड़ेगा। इसके लिए नासा तैयारियों में जुटा हुआ है। नासा आर्टेमिस मिशन मंगल पर भेजेगा। मिशन के दो चरण की शुरुआती चरण की तैयारियां सफल हो चुकी हैं। पांचवा चरण में मंगल की धरती के साथ पूरा होगा। इससे पहले आर्टेमिस के चौथे चरण के साथ वैज्ञानिको का दल चांद पर पहुंचेगा।